तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

08 गनियारी होगा कला ग्राम के रूप में विकसित...



09 धमधा में किसानों का आंदोलन तेजः 38 किसानों ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

खबर संक्षेप

चेन स्नेचिंग के मामले में चार गिरफ्तार



भिलाई। चेन स्नेचिंग मामले को लेकर पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र में जनवरी 2026 में हुई लूटपाट के वारदात में पुलिस ने बापूनगर, झंडा चौक, वार्ड44, थाना खुर्सीपार निवासी सूरज बढ़ाई, वार्ड 1, कांटी चौक, अहिवारा लक्ष्मण साहू, 32 एकड़, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल कुलदीप सिंह, कैवल्य धाम, कुम्हारी दीप सिंह उर्फ दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 19 ग्राम 410 मिलीग्राम गलाया हुआ सोना, एक्टिवा वाहन, बाइक जब्त किया गया है। शिकायत पदुम नगर भिलाई तीन निवासी एस. मुरली मनोहर पत्नी एम. माधवी के साथ कपड़े की दुकान से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पता पूछने के बहाने आरोपियों ने पत्नी के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे।

तलवार लहराते दो को पुलिस ने पकड़ा



भिलाई। तलवार लहराते कुख्यात आदतन बदमाश और महादेव सट्टा एप्प में शामिल दीपक नेपाली के भाई नीरज कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ शुभम यादव नामक युवक को भी पुलिस ने पकड़ा है। दोनों कैंप-1 क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों युवक के पास से दो स्टील की तलवारें और तीन मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अक्टूबर को वैशाली नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दो युवक धारदार तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर नीरज सिंह और शुभम को पकड़ लिया। तलवार की कीमत करीब 4,500 रुपए और जब्त किए गए दोनों मोबाइल फोन की कीमत करीब 60 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी शुभम यादव के पास से स्टील की तलवार और मोबाइल फोन मिला है। तलवार की कीमत करीब 5 हजार रुपए है। दोनों आरोपियों से जब्त तलवारों की कुल कीमत 9,500 रुपए है।

यात्रियों के काम की खबर

ऑनलाइन टिकट बनवाने पर ही मिलती थी सुविधा, अब काउंटर टिकट पर भी सेवा शुरू

आरक्षण काउंटरों से रेलवे टिकट बनवाने पर भी मिलेगा यात्रियों को 10 लाख तक का बीमा, आदेश 27 से लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

यात्रियों की सुविधा एवं यात्रा के दौरान वित्तीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा आरक्षण काउंटरों पीआरएस से आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यात्रा बीमा की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। यह सुविधा 27 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रही है। इस सुविधा के अंतर्गत आरक्षण काउंटर से टिकट बुक कराने वाले यात्री निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यात्रा बीमा का विकल्प चुन सकेंगे। इसके लिए टिकट बुकिंग के समय डिजिटल माध्यम से भुगतान तथा वैध मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बीमा के अंतर्गत निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप मृत्यु पर और पूरी तरह विकलांग होने पर 10 लाख रुपए तक की बीमा राशि दी जाएगी।

यात्रा बीमा के अंतर्गत रेल दुर्घटना अथवा पॉलिसी में निर्धारित आकस्मिक घटनाओं की स्थिति में मृत्यु, स्थायी पूर्ण दिव्यांगता, स्थायी आंशिक दिव्यांगता, दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर चिकित्सा व्यय तथा पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए बीमा सुरक्षा का प्रावधान है। बीमा लाभ, बीमा राशि एवं दावों का निपटान संबंधित बीमा कंपनी की पॉलिसी में निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा यात्री ऑप्शनल ट्रैवल इंश्योरेंस की शुरुआत सितंबर 2016 में हुई थी। उस समय प्रति यात्री बीमा प्रीमियम 92 पैसे था, जिसका भुगतान सरकार खुद करती थी। लेकिन अगस्त 2018 में प्रीमियम घटाकर 42 पैसे प्रति यात्री कर दिया गया। इसके बाद इसे फिर से 35 पैसे कर दिया गया। अब हाल ही में हुए बदलाव के बाद रेलवे ने इसे बढ़ाकर 45 पैसे कर दिया गया है। योजना के अंतर्गत स्थाई विकलांग होने पर साढ़े 7 लाख रुपए और सामान्य घायल होने पर ढाई लाख रुपए तक क्लेम मिल सकता है। इसके अलावा जिनका रिजर्वेशन क्लीयर नहीं है, उन्हें रेलवे की तरफ से निर्धारित आर्थिक सहायता ही मिलेगी। बीमा का लाभ नहीं मिलेगा।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



ओडिशा रेल हादसे के बाद कोर्ट ने बढ़ाया सुरक्षा का दायरा

जून 2023 में ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे के बाद कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। इसमें मांग की गई थी कि ट्रेन हादसों को रोकने वाला सेफ्टी सिस्टम जल्द सभी ट्रेनों में लगाया जाए और हादसे की जांच के लिए एक कमेटी बनाई जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने यात्रियों की पूरी सुरक्षा- जैसे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज, पटरियों के आसपास जाली लगाना और खिड़की से टिकट लेने वालों को बीमा न मिलने जैसे जरूरी मुद्दों को भी इसमें शामिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सामान्य यात्री ज्यादातर स्टेशन काउंटर से टिकट लेते हैं। रेलवे को इनके लिए बीमा का इंतजाम करने का काफी समय दिया गया था, लेकिन कोई काम नहीं हुआ। इसीलिए अब 27 अक्टूबर से स्टेशन काउंटर की हर टिकट पर भी ऑनलाइन की तरह बीमा का ऑप्शन देना अनिवार्य किया गया। मामले में अगली सुनवाई 16 नवंबर को होन है।

ऑनलाइन की तरह ऑफलाइन टिकट में भी आप्शनल

रेल रिजर्वेशन कराने पर भी यात्री इंश्योरेंस ले सकेंगे। अभी सिर्फ ऑनलाइन टिकट बुक कराने वालों को ही बीमा मिलता था। ऑफलाइन टिकट पर भी यह सुविधा ऑनलाइन टिकट की तरह ऑप्शनल रहेगी। ट्रेन पटरी से उतरने, दो ट्रेनों की टक्कर, आतंकी हमले या किसी अप्रिय घटना में यात्री की मौत होने, अंग खोने या गंभीर चोट लगने पर बीमा का पैसा मिलेगा। अगर कोई यात्री खुदकुशी की कोशिश करता है, खुद को नुकसान पहुंचाता है या मानसिक संतुलन ठीक न होने के कारण हादसे का शिकार होता है, तो कोई मुआवजा या इंश्योरेंस कवर नहीं मिलेगा। ये इंश्योरेंस सभी कैटेगरी या क्लास जैसे फर्स्ट एसी, सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर या चेयर कार के कंफर्म और आएसी टिकट पर मिलेगा। इसके लिए ट्रेन एक्सीडेंट के 4 महीने के भीतर इंश्योरेंस के लिए क्लेम कर सकते हैं। घायल व्यक्ति, नॉमिनी या उसका उत्तराधिकारी इंश्योरेंस क्लेम का दावा कर सकता है। इसके लिए इंश्योरेंस कंपनी के ऑफिस में एप्लिकेशन देनी होती है और संबंधित डॉक्यूमेंट्स भी जमा करना होगा।

जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन व कैल्शियम की दवा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला अस्पताल में इन दिनों गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन और कैल्शियम की दवा नहीं है। गर्भवती महिलाएं निजी मेडिकल स्टोर्स से अपने पैसे खर्च कर दवा लेने मजबूर हो रहे हैं। हर दिन 150 से ज्यादा गर्भवती महिलाएं यहां जांच और इलाज के लिए आ रही है। गर्भवती महिलाओं को शासन से आयरन और कैल्शियम की दवा मुफ्त में दी जानी है। इधर अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी नहीं दी गई है कि ये दवाएं खत्म हो गई है।

मेडिकल स्टोर्स से स्वयं के पैसे से दवा लेने मजबूर, जांच के लिए भी लग रही है लंबी कतारें



गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए लंबी कतारें

जिला अस्पताल में मदर चाइल्ड यूनिट में गर्भवती महिलाओं की जांच होती है। यहां के 24 नंबर कक्ष में महिला चिकित्सकों द्वारा जांच की जा रही है। इस कक्ष में केवल दो महिला डॉक्टरों की ड्यूटी लगती है लेकिन जांच व इलाज के लिए इन दिनों बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं आ रही है। पूरे जिलेभर से गर्भवती महिलाएं भी रेफर होकर यहां आती है। इसलिए इस कक्ष में गर्भवती महिलाओं की जांच व इलाज का दबाव काफी बढ़ जाता है। हाल यह है कि जांच के लिए लंबी कतारें लग रही है।

टोकन सिस्टम नहीं होने से मितानिनों में झड़प

कक्ष क्रमांक 24 में गर्भवती महिलाओं की काफी भीड़ होने के बावजूद टोकन सिस्टम चालू नहीं किया गया है। कक्ष के सामने गर्भवती महिलाओं के बैठने के लिए चेयर जरूर लगा है लेकिन व काफी कम है। गर्भवती महिलाओं के साथ मितानिनें भी होती है। स्थिति यह है कि मितानिनें अपने साथ लाई गर्भवती महिलाओं की जांच पहले करवाने के चक्कर में आपस में लड़ जाती है। इसलिए यहां झड़प भी हो रही है। कक्ष के पास महिला कर्मी और एक गार्ड की ड्यूटी जरूर लगाई गई है लेकिन इस भीड़ को संभालना उनके लिए मुश्किल हो गया है। महिला कर्मी और गार्ड बेबस से हो गए हैं। कई मितानिनें तो इन कर्मियों से ही गाली-गलौच पर उतारू हो जाती है।

15 दिन बाद दवा लेने की हिदायत

मदर चाइल्ड यूनिट में गर्भवती महिलाओं को दवा की सुविधा के लिए कक्ष के बाहर ही एक दवा वितरण कक्ष बनाया गया है। गर्भवती महिलाओं ने बताया कि यहां फार्मासिस्ट द्वारा आयरन और कैल्शियम की दवा नहीं होना बताया गया। ये दवाएं बाहर प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स से खरीदी के लिए कहा गया। पूरे महीनेभर हर दिन आयरन व कैल्शियम की टेबलेट खाने के लिए डॉक्टरों ने कहा है। इस स्थिति में निजी मेडिकल स्टोर्स से ये दवा खरीदना पड़ रहा।

लंबे समय तक खड़ी रहना गर्भवती महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण

डॉक्टरों की कमी और टोकन सिस्टम नहीं होने की वजह से गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। गर्भवती महिलाओं ने बताया कि अपनी बारी का इंतजार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान यह भी देखने में आया कि कई गर्भवती महिलाओं को चक्कर सा आने लगा और वे लाइन से बाहर होकर अपने पति को कतार में लगा दिए। यही हाल मितानिनों का था अपने साथ आई गर्भवती महिला की जगह स्वयं भी कतार में लगे।

जानकारी लेता हूं, टोकन सिस्टम बनाएंगे

गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन और कैल्शियम की दवा का स्टॉक चेक करवाता हूं। कक्ष क्रमांक 24 में गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए टोकन सिस्टम की सुविधा बनाएंगे। अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

-डॉ. एके मिंज, सिविल सर्जन जिला अस्पताल

अवैध रूप से बांग्लादेश से आकर बसी महिला को भेजा गया देश से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बांग्लादेश से आकर चोरी-छिपे दुर्ग में रह रही रीना अख्तर नामक महिला को पुलिस ने वापस उसके देश भेज दिया है। महिला को डिपोर्ट किया गया। विदेशी नागरिकों की पहचान एवं सत्यापन के लिए की जा रही कार्रवाई के दौरान रीना अख्तर की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में हुई थी। पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद एसटीएफ की मदद से महिला को पश्चिम बंगाल भेजा।

वहां इंटेलिजेंस ब्यूरो आईबी एवं सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से समन्वित कार्रवाई करते हुए 23 अक्टूबर को रीना अख्तर को सीमा पार कराया गया। इसके अतिरिक्त संबंधित महिला द्वारा आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं अन्य भारतीय दस्तावेज प्राप्त किए जाने के संबंध में उनके सत्यापन तथा नियमानुसार निरस्तीकरण हेतु संबंधित विभागों के समक्ष आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसका उद्देश्य अवैध रूप से प्राप्त दस्तावेजों के दुरुपयोग को रोकना तथा भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति की आशंका को कम करना है। दुर्ग पुलिस द्वारा जिले में अवैध रूप से निवासरत विदेशी नागरिकों की पहचान, दस्तावेजों के सत्यापन तथा संबंधित विभागों एवं केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई निरंतर की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के किसी भी अवैध अवैध प्रवासियों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1905 पर दी जा सकती है।



■ एसटीएफ की टीम को पश्चिम बंगाल भेजकर आईबी व बीएसएफ के सहयोग से पहुंचाया गया बांग्लादेश



घटना में उपयोग में लाई गई ई-रिक्शा भी पुलिस ने की जब्त

मतपेटी की चोरी करने वाला और उसे खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

उप निर्वाचन कार्यालय के पास से मतपेटी की चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा। साथ में ही मतपेटी को कबाड़ के भाव में खरीदने वाले कबाड़ी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 18 अक्टूबर को संतराबाड़ी निवासी राजू सारथी उम्र 48 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चुनाव कार्य की तैयारी हेतु ड्यूटी पर उपस्थित था।

इसी दौरान लगभग 11 बजे ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय के चौकीदार ने कार्यालय में आकर बताया कि एक व्यक्ति पेटी उठाकर ले जा रहा है। जानकारी मिलने पर कार्यालय से बाहर निकलकर देखने पर पेटी ले जाने वाला अज्ञात व्यक्ति वहां नहीं मिला। इसके बाद स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के मतपेटी रखने के



गोदाम में जाकर जांच करने पर 10 मतपेटियां कुल कीमत 10 हजार रुपए गायब पाई गई। घटना के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना पाए जाने पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी की पतासाजी की गई। इसी क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि युशु यादव नामक व्यक्ति द्वारा उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया जाना पता चला। उससे पास से मतपेटी और ई-रिक्शा सीजी 07 सीआर 0648 जब्त किया गया।

युशु यादव नेबताया कि चोरी की गई मतपेटियां उसने गयानगर निवासी देवानंद सोनी की कबाड़ी दुकान में बेची थीं। उक्त कथन के आधार पर देवानंद सोनी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसके द्वारा चोरी की मतपेटियां खरीदना बताया गया। उसके कब्जे से 6 नग मतपेटियां जब्त की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मतदाता का नाम सूची में हो, चुनाव प्रक्रिया रहे पारदर्शी, विशेषज्ञों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता सूची की शुद्धता, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के उद्देश्य से लोक जागरण मंच द्वारा साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत संपन्न हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य एसआईआर के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करना, इसकी प्रक्रिया एवं उद्देश्य की जानकारी देना तथा इसे लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को तथ्यों के माध्यम से दूर करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बलदाऊ राम साहू, सहवक्ता शताब्दी पांडेय एवं शशांक शर्मा ने एसआईआर के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, सरिता मिश्रा, संतोष सोनी एवं कांतिलाल जैन मंचासीन रहे। संगोष्ठी में प्रबुद्धजन, चिकित्सक, प्रोफेसर, अधिवक्ता, शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने मतदाता सूची के सत्यापन, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रश्नोत्तरी एवं संवाद के माध्यम से उपस्थित नागरिकों की जिज्ञासाओं पर चर्चा की गई।

एसआईआर के समर्थन में लोक जागरण मंच ने साइंस कॉलेज में आयोजित की नागरिक संगोष्ठी

एसआईआर लोकतंत्र की महत्वपूर्ण प्रक्रिया

मुख्य वक्ता बलदाऊ राम साहू ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना बेहद जरूरी है। लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाना और एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करना है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में रहे और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे। शताब्दी पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का मत है और उस मत की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सही मतदाता सूची आवश्यक है। एसआईआर को लेकर आम जनमानस के बीच तथ्यों को स्पष्ट करना और लोगों को इसकी प्रक्रिया की जानकारी देना समय की जरूरत है। लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचाने, भ्रम की स्थिति दूर करने और प्रत्येक पात्र मतदाता को उसके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।





राजनीतिक भ्रम के बजाए तथ्यों के आधार पर हो संवाद

सहवक्ता शशांक शर्मा ने कहा कि एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया पर राजनीतिक भ्रम फैलाने के बजाय तथ्यों के आधार पर संवाद होना चाहिए। मतदाता सूची का सत्यापन चुनावी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने में सहायक हो सकता है। लोक जागरण मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता को एसआईआर के उद्देश्य एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार कार्य होना चाहिए। अलका बाघमार, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने भी विचार रखे। संचालन सरिता मिश्रा और आभार शैलेंद्र शेंडे ने व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

नुआखाई महोत्सव कला मंदिर में आज

भिलाई। अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा आयोजित नुआखाई महोत्सव 2026 का आयोजन 25 अक्टूबर दिन रविवार की सुबह 11 बजे से आयोजित रहेगा। समाज के महासचिव तरुण निहाल और मीडिया प्रभारी डीके साहू ने बताया कि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री तामरध्वज साहू करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, विधायक रिकेश सेन,श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष किशोर महानंद, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सर्व समाज कल्याण समिति व डॉयरेक्टर हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी इंद्रजीत सिंह छोटू, बीएसपी महाप्रबंधक प्रभारी संपर्क प्रशासन व जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी होंगे। महोत्सव में प्रदेश भर से अपनी कला को दिखाने कलाकार पहुंचेगें। इसमे उड़िसा समेत छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता है। जिसमें प्रथम पुरस्कार नगद 15 हजार पारख ज्वेलर्स की ओर से दिया जाएगा।द्वितीय 11 हजार और 7 हजार रुपए समेत 11 सांतवना पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके अलावा समाज के प्रतिभावानों को उत्कल गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जज के रूप में अक्षरा अजय जो भरतनाट्यम नृत्यांगना है जो डॉक्टर जी रतीश बाबू की शष्यिा है। एमजीएम स्कूल की नृत्य शिक्षिका है। साक्षी प्रजापति मार्केटिंग ब्रांडिंग उधमी संस्थापिका सी द प्राइम है। मोदी वि.वि. के प्रोफेसर राजू रजक होंगे।

टीमों को 25-25 हजार की प्रोत्साहन राशि, बानबरद स्कूल का होगा उन्नयन, बनेगी बीटी सड़क

गनियारी होगा कला ग्राम के रूप में विकसित, हाईस्कूल पहचाना जाएगा पंडवानी गायिका तीजन के नाम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अंतर्राष्ट्रीय कलाकर दिवस पर अहिवारा के बानबरद में शनिवार को आयोजित पंडवानी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चन्द्राकर, रिकेश सेन, ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। विष्णु देव साय ने कहा कि ज्ञानश्रोत कला मंच द्वारा पिछले 46 वर्षों से लगातार काम कर रहा है। 46 साल का सफल बहुत बड़ा होता है। इस संस्था ने अपनी हमारी लोककला और संस्कृति को जीवित रखा है। उन्होंने पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित पंडवानी कलाकार स्वर्गीय तीजन बाई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडवानी एक ऐसी अनूठी विधा है, जिसमें एक ही कलाकार महाभारत कथा के विभिन्न पात्रों की भूमिका को जीवंत रूप में अदा करता है।

डॉ. तीजन बाई की स्मृतियों को चिर स्थायी बनाने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए हमारी सरकार ने अनेक पहल की है। उनके गृह ग्राम गनियारी को कला ग्राम के रूप में विकसित करने और हाई स्कूल का नामकरण तीजन बाई के नाम पर करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंडवानी को विश्व पटल पर खास पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण राज्योत्सव के दौरान इसी साल से देने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा और स्थानीय कलाकारों को व्यापक मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड का गठन किया गया है। इसके तहत नया रायपुर में लगभग 300 से 400 करोड़ रुपये की लागत से फिल्म सिटी विकसित की जा रही है, जिसकी अध्यक्षता सुश्री मोना सेन संभाल रही हैं। इस पहल से छत्तीसगढ़ी फिल्मों और अन्य फिल्म निर्माण गतिविधियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पद्मश्री उषा बारले और ज्ञानश्रोत लोककला मंच को इस सफल और भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही आयोजकों की मांग पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मलेन में शामिल 70 टीम जिसमें 04 पंथी एवं 03 आदिवासी नृत्य दल शामिल है, प्रत्येक टीम के लिए 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, मिडिल स्कूल बानबरद को हाई स्कूल में उन्नयन करने और अहिवारा रेलवे क्रासिंग से अटल परिसर तक बीटी रोड निर्माण की घोषणा की।

बानबरद में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय





छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने जिले के कलाकारों का भी योगदान

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति को आगे बढ़ाने में यहां के कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यहां के लोकगीत और लोक नृत्य हमारी पहचान है। पंडवानी, पंथी, भरथरी, ददरिया और सुवा नृत्य हमारे जीवन का हिस्सा है। ये केवल गीत या नृत्य नहीं है। ये हमारी आत्मा है। जो हमारी समृद्ध परम्पराओं और मूल्यों को दर्शाते हैं। उन्होंने प्रतिवर्ष आयोजित इस महासम्मेलन को आगे भी जीवंत रखने कलाकारों का आव्हान किया। सम्मलेन को विधायक रिकेश सेन ने भी सम्बोधित किया। इस भव्य कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. उषा बारले द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। उन्होंने कलाकरों के विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष विद्यासेन कुशवाहा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल तथा प्रदेश भर से सम्मेलन में पहुंचे विभिन्न विधाओं के कलाकार और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पंडवानी ने पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ को दिलाई पहचान

विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को पूरी दुनिया में पहचान मिली है। हमारे पंडवानी कलाकारों ने न्यूयॉर्क, पेरिस और लंदन तक महाभारत की कथाओं पर आधारित प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवित रखा है, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा को वैश्विक मंचों तक पहुँचाया है। पंडवानी आज हमारी लोक चेतना, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन चुकी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज मुझे पंडवानी के पुरोधा स्वर्गीय झाड़ूराम देवांगन की स्मृति भी हो रही है। जब वे हाथ में तंबूरा लेकर प्रस्तुति देते थे, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे। पंडवानी गायन में महिला कलाकारों की विशेष सफलता उल्लेखनीय रही है। मुझे स्वर्गीय लक्ष्मी बंजारे जी का भी स्मरण हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि हमारी धरती पर तीजन बाई जैसी विभूति हुईं, जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों सम्मान प्राप्त हुए हैं। जब वे तंबूरा लेकर आलाप भरती हैं, तो ऐसा लगता है मानो आकाश के देवी-देवता भी उन्हें सुन रहे हों। साय ने कहा कि मैंने अनेक अवसरों पर तीजन बाई जी की पंडवानी सुनी है। श्याम बेनेगल की भारत एक खोज में उनका पंडवानी गायन दृश्य मन को आनंद और उत्सुकता से भर देता है।

बीएसपी में माइंस सेफ्टी फोर्टनाइट सेलिब्रेशन की हुई जनरल बॉडी मीटिंग



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदान द्वारा खदान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं 2 तथा रायगढ़ द्वारा आयोजित वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत जनरल बॉडी मीटिंग भिलाई निवास के सभागार में हुई। अध्यक्षता खदान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र-1 के अध्यक्ष इरफान अंसारी, खदान सुरक्षा निदेशक एवं सह-अध्यक्ष, बिलासपुर क्षेत्र-2 अल्ताफ हुसैन, उप निदेशक खदान सुरक्षा एवं सह-अध्यक्ष, रायगढ़ क्षेत्र सनथ कुमार पी., बीएसपी के कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, अरुण कुमार; उपाध्यक्ष एवं सीजीएम , सीजीओएम, श्री ए.के. सिंह, सचिव एवं जीएम , बीरेंद्र कुमार, संयोजक, डीडीएमएस, बिलासपुर क्षेत्र-1 शिव कुमार पी. तेम्बाड; सीजीएम चिंतला श्रीकांत, सीजीएम (रावघाट) श्री अनुपम बिष्ट ने की। कार्यक्रम में खदान सुरक्षा महानिदेशालय, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र तथा दल्ली राजहरा एवं रावघाट खदानों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिभागी खदानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

श्री अंसारी ने सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन, खदानों में नियमित निरीक्षण के माध्यम से सुरक्षित कार्यप्रणाली, निरीक्षण दल के गठन में निर्धारित मानकों का ध्यान रखने तथा निरीक्षण प्रक्रिया में सभी संबंधित सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। श्री हुसैन ने कहा कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरीक्षण, तकनीकी प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से खदानों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ एवं नवाचारी कार्यप्रणालियों को साझा किया जाना चाहिए। कमल भास्कर व अरुण कुमार ने खदानों सुरक्षा में जागरुकता का आह्नान किया। स्वागत भाषण एके सिंह व बिरेन्द्र कुमार ने खदान गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम का संचालन रजनी रजक व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी विपिन कुमार ने किया।

बीएसपी में पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 68 इंटर्न की ज्वॉइनिंग



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआर-एलएंडडी) विभाग द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 68 इंटर्न की जॉइनिंग की प्रक्रिया पूरी की गई।160 इंटर्नशिप के लक्ष्य के तहत 109 इंटर्न ने कार्यभार ग्रहण किया है। इंटर्न की जॉइनिंग प्रक्रिया के तहत एचआर-एलएंडडी विभाग द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन एवं आवश्यक प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। जॉइनिंग करने वाले इंटर्न विभिन्न भूमिकाओं में कार्य करेंगे। इनमें प्रशासन इंटर्न, एमएलटी इंटर्न, प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, कार्यालय इंटर्न, मल्टी टास्किंग स्टाफ तथा एचआर इंटर्न शामिल हैं।

कार्यक्रम के तहत इंटर्न को एचआर-एलएंडडी विभाग में दो दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें तीन दिवसीय संयंत्र भ्रमण कराया गया। संयंत्र भ्रमण पूरा होने के बाद इंटर्न को संयंत्र के विभिन्न विभागों में पदस्थ किया जा रहा है। परिचयात्मक प्रशिक्षण के दौरान इंटर्न को संयंत्र के संगठनात्मक वातावरण, कार्यस्थल की अपेक्षाओं, व्यावसायिक आचरण एवं औद्योगिक सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं, संयंत्र भ्रमण के माध्यम से उन्हें औद्योगिक परिचालन, उत्पादन प्रक्रियाओं तथा विभिन्न विभागों के कार्यों को करीब से समझने का अवसर मिला। इससे उन्हें अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक कार्यों से जोड़ने में सहायता मिलेगी। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य युवाओं को वास्तविक व्यावसायिक वातावरण में कार्य करने का अनुभव प्रदान करना तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को

महापौर की निधि से बनेगा चबूतरा और शौचालय, वार्डों में होंगे विकास कार्य



भिलाई। रिसाली महापौर शशि सिन्हा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन किया। महापौर निधि से आशीष नगर, पुरैना एनएसपीसीएल, डुण्डेरा पूर्व व रूआबांधा में प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार, चबूतरा व शौचालय निर्माण का कार्य होगा। उन्होंने चार वार्डों के लिए कुल 6 लाख 9 हजार की राशि स्वीकृत की है। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है। उनकी प्राथमिकता रही है कि आवश्यकता अनुसार कार्यों को कराना। उन्होंने कहा कि महापौर के रूप में शपथ लेते ही नागरिकों से रूबरू होकर समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया है। यही वजह है कि नागरिकों के मांग के अनुसार ही उन्होंने राशि स्वीकृत की। महापौर निधि से वार्ड 25 आशीष नगर में 1 लाख 44 हजार की लागत से प्रवेश द्वार जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसी तरह वार्ड 39 एनएसपीएसीएल पुरैना में और वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व में चबूतरा निर्माण के लिए 1.69, 1.69 की राशि स्वीकृत की है। महापौर शशि ने इसके अलावा वार्ड 2 रूआबांधा में शौचालय निर्माण के लिए 1 लाख 27 हजार की राशि स्वीकृत की है। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य ममता यादव, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर, रंजीता बेनुआ, पार्षद पार्वती महानंद, खिलेन्द्र चंद्राकर, विधायक

निर्माण के नाम पर खुदाई के चलते जेल तिराहा पुलगांव बायपास रोड से पद्मनाभपुर के दो वार्डों में प्रवेश बंद



दुर्ग। पद्मनाभपुर के दो वार्ड में बायपास से पहुंच मार्ग को बंद कर दिया गया है। इसके बंद होने से बढ़ी आबादी परेशान हो रही है। बुजर्ग और बच्चों के अलावा भिलाई से आने-जाने वालों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जेल तिराहा से बाफना मंगलम तक 1 किलोमीटर में कालोनी के 8 कनेक्टिंग रोड को नाली निर्माण के नाम से खुदाई के कारण प्रवेश बंद होने से बच्चों की स्कूल बस बुजुर्गों का अस्पताल व त्योहारी सीजन होने के कारण महिलाओं का बाजार आवागमन में दिक्कतों के कारण रोष है। वही दूसरी तरफ निगम के द्वारा कॉलोनी के भीतरी नालियों में पुलिया निर्माण में देरी से कॉलोनी के दोनों वार्ड के निवासियों को समस्या खड़ी हो गई है। पूर्व पार्षद राजेश शर्मा ने लोकनिर्माण व निगम के अधिकारियों से अपील की है कि विकास करें किन्तु कॉलोनी की 7000 आबादी को होने वाले विकास कार्यों की वजह से परेशानी न उठानी पड़े।

वार्ड 10, 11 एवं 13 में सड़कों का होगा नवीनीकरण, नागरिकों को होगी सुविधा

86.84 लाख से होगा शहर की सड़कों का बीटी रोड रिनिवल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर सड़क एवं आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में बीटी

- महापौर अलका बाघमार ने किया भूमिपूजन

रोड रिनिवल डामरीकरण एवं सड़क नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, शेखर चन्द्राकर, आशीष चन्द्राकर, मनीष कोठारी, रंजीता पाटिल, युवराज कुंजम, अजित वैध, उप अभियंता करण यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक की मौजूदगी में वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 13 में 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत सड़क नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों की शुरुआत की।

प्रथम चरण में वार्ड 10 में दुर्गा चौक से बुद्ध विहार तक तथा वार्ड क्रमांक 11 में शंकर नगर बुद्ध विहार चौक से कुर्मी भवन एवं अन्य स्थानों तक बी.टी. रोड रिनिवल कार्य कराया जाएगा। इन कार्यों की कुल स्वीकृत लागत राशि 42.20 लाख है। सड़क नवीनीकरण से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ ही नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सकेगी।



कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

वार्ड 13 में भी 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत विभिन्न बीटी रोड रिनिवल कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसके अंतर्गत मोहन नगर में कश्यप के घर से ईश्वर वर्मा के घर तक, आकाश दानी गली से लाल बिल्डिंग हैंडपंप होते हुए शीतला मंदिर तक तथा गुप्ता नर्सिंग होम से चंद्राकर के घर तक सड़क नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों की कुल लागत राशि 44.64 लाख है। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 13 में कुल 86.84 लाख की लागत से सड़क नवीनीकरण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रों में सड़क की स्थिति बेहतर होगी तथा आम नागरिकों, वाहन चालकों और स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना और नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है।

भारत लोकतंत्र से चलता है, किसी के तख्तापलट के मंसूबों से नहीं : विजय



भिलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लगातार विदेश यात्राओं और उनके सहयोगियों द्वारा देश में रेजीम चेंज तख्तापलट की बयानबाजी पर भाजपा नेता व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भारत एक जीवंत और मजबूत लोकतंत्र है, जहाँ सत्ता का फैसला जनता के वोट से होता है, किसी के विदेशी इशारों या अराजक मंसूबों से नहीं। विजय साहू ने कहा कि राहुल गांधी हाल ही में वियतनाम यात्रा पर गए हैं। वर्ष 2014 के बाद से वे अब तक 50 से अधिक विदेश यात्राएं कर चुके हैं, जिन पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। यात्रा पर जाना उनका व्यक्तिगत विषय हो सकता है, लेकिन चिंता का विषय यह है कि उनकी यात्राओं के बीच उनके समर्थक और सहयोगी दल के नेता खुलेआम 'रेजीम चेंज', तख्तापलट और देश में खून-खराबे की धमकियां देने लगते हैं। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत द्वारा राहुल गांधी के लौटने पर 'रेजीम चेंज' की बात कहना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि विपक्ष लोकतांत्रिक जनादेश को पचा नहीं पा रहा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि हमारे देश में सत्ता परिवर्तन की एक संवैधानिक और पारदर्शी व्यवस्था है। जनता जब चाहती है कांग्रेस को मौका देती है और जब चाहती है भाजपा-एनडीए को पूर्ण बहुमत से चुनती है। लेकिन तानाशाही की मानसिकता रखने वाले लोग ताकत के दम पर चुनी हुई सरकार को गिराने और देश की व्यवस्था पर कब्जा करने का कुत्सित सपना देख रहे हैं। विजय साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपनी राजनीतिक विफलता छिपाने के लिए देश की सर्वोच्च अदालत, महामहिम राष्ट्रपति और भारत निर्वाचन आयोग जैसी स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं को लगातार निशाना बना रहे हैं।

धमधा में किसानों का आंदोलन तेज: 38 किसानों ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

48 दिनों से जारी भूख हड़ताल, आईडीबीआई बैंक पर कर्ज माफी के नाम पर छल का आरोप, मुख्यमंत्री निवास की दीवार पर चिपकाया ज्ञापन, 14 दिनों की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



कृषि ऋण संबंधी समस्याओं और कर्ज माफी की मांग को लेकर धमधा में बीते 48 दिनों से चल रही भूख हड़ताल अब राजनीतिक व बैंकिंग प्रशासनिक हलकों में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। एक तरफ किसान आईडीबीआई बैंक से जुड़े ऋण विवाद में राहत चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर आंदोलन की उपेक्षा को लेकर राजनीतिक दलों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

इसी बीच आंदोलनरत 38 किसानों द्वारा कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के किसी भी जनप्रतिनिधि के धरना स्थल पर न पहुंचने से क्षुब्ध होकर किसानों ने यह कदम उठाया।

किसानों का कहना है कि वे ऋण चुकाने को तैयार थे, लेकिन आईडीबीआई बैंक से मिले कर्ज माफी के कथित आश्वासन के कारण उन्होंने समय पर भुगतान नहीं किया। अब ब्याज जुड़ते-जुड़ते बकाया राशि मूलधन से तीन गुना तक बढ़ चुकी है। किसानों का तर्क है कि यदि समय पर स्थिति साफ कर दी जाती, तो वे एकमुश्त समझौते या अन्य माध्यम से समाधान कर लेते।

किसानों का आरोप है कि चुनिंदा 18 से 20 किसानों का शत-प्रतिशत कर्ज माफ कर दिया गया, जबकि अन्य किसानों को राहत देने के बजाय कुर्की के नोटिस थमाए जा रहे हैं। बैंक प्रबंधन न तो वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) पर बात कर रहा है और न ही समाधान की कोई पहल कर रहा है। हालांकि, इस पर बैंक प्रबंधन का आधिकारिक पक्ष आना अभी बाकी है।

अपनी मांगों के सिलसिले में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के निजी सचिव ने उनका ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद किसानों ने अपना ज्ञापन मुख्यमंत्री निवास के पास स्थित दीवार पर चिपका दिया और 14 दिनों का अल्टीमेटम देकर लौट आए। किसानों का कहना है कि यदि तय सीमा में मांगें पूरी न हुईं, तो वे पुनः मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने किसानों की समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया है। इस्तीफा देने वाले प्रमुख किसानों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा को इस्तीफा सौंपने वालों में राजकुमार साहू, ओमप्रकाश पटेल, पंचराम साहू, देव चरण साहू, राधेश्याम, मनीराम, रामसिंह, बिसंभर साहू, अरुण साहू, सुभाष साहू, नरेश साहू, हेमराज, चैनलाल सहित कुल 38 किसान शामिल हैं।

खबर संक्षेप

उतई में बिना चीरा-टांका के की गई नसबंदी



उतई। खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) निकुम डॉ. डी. के. बेलचंदन के मार्गदर्शन में उतई में पुरुष नसबंदी शिविर आयोजित किया गया। इसमें एनएसवीटी सर्जन डॉ. ए. के. सान्याल और डॉ. दैवज्ञ चंद्राकर ने 8 हितग्राहियों का ऑपरेशन किया। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गजेंद्र गंधर्व, मनीष देशलहरा, दिनेश पाटिल, मुकेश साहू, ऐश्वरी साहू, आशीष सिंह राजपूत, अनीता रामटेके, दिनेश्वरी देशमुख ने योगदान दिया। ऑपरेशन थिएटर में संदीप ठाकुर, श्याम मूर्ति और अरुण कुमार कोसरे का सहयोग रहा। दस्तावेजों का कार्य दामिनी साहू ने तथा नर्सिंग सहायता स्टाफ नर्स संगीता ठाकुर, प्राची रोहन सिंह व कविता ने संभाली।



पुराना बाजार चौक से भरर चौक तक जांच की मांग, किराना, डेली नीड्स व होटलों में कार्रवाई का इंतजार

खाद्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

पाटन के बाजारों में एक्सपाइरी खाद्य सामग्री बिकने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दीपावली पर्व की गहमागहमी के बीच पाटन नगर के बाजारों में मिलावटी व एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर नागरिकों में चिंता व्याप्त है। त्योहार पर खरीदारी की भीड़ का फायदा उठाकर घटिया सामग्री खपाने की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की सुस्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुराना बाजार चौक, भरर चौक सहित अन्य क्षेत्रों की किराना दुकानों, डेली नीड्स और नाश्ता सेंटरों की जांच की मांग जोर पकड़ रही है।

पुराना स्टॉक खपाने की आशंका



दिवाली पर बिस्कुट, नमकीन, मिठाई, मसाले, सॉस आदि पैकेट बंद सामानों की मांग काफी बढ़ जाती है। ऐसे में निर्माण व समाप्ति तिथि (एक्सपायरी डेट) की जांच आवश्यक है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ व्यापारी म्याद पार उत्पाद बेच रहे हैं। इसके अलावा समोसा-कचौड़ी की दुकानों में उपयोग किए जा रहे तेल व मसालों की गुणवत्ता की जांच भी जरूरी है।

ग्रामीण खरीदारों पर दोहरी मार

पाटन के बाजार में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। जल्दबाजी में लोग अक्सर पैकेट पर छपी तिथि नहीं देख पाते, जिससे उनकी सेहत और जेब दोनों पर बुरा असर पड़ रहा है।

प्रशासनिक औचक निरीक्षण की मांग

स्थानीय नागरिकों और जागरूक वर्ग ने पाटन प्रशासन तथा खाद्य विभाग से प्रमुख बाजारों में तत्काल औचक निरीक्षण करने की मांग की है। मियाद पार या अमानक खाद्य सामग्री पाए जाने पर नियमानुसार जब्ती व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

समाज में व्याप्त नशा रूपी रावण का वध करने की है आवश्यकता : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



विधायक ललित चंद्राकर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों रुआबांधा, ग्राम हनोदा, ग्राम झोला और ग्राम ठेलकाडीह में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- दशहरा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

विधायक ललित चंद्राकर ने सभी स्थानों पर प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और समस्त क्षेत्रवासियों को विजयादशमी एवं दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का शाश्वत संदेश देता है। यह पर्व हमें अपने भीतर व्याप्त काम, क्रोध, लोभ और अहंकार रूपी रावण का वध कर सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाकर ही हम एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज में नशा रूपी रावण तेजी से फैल गया है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटना और अपराध की घटनाएं होती रहती हैं। युवा पीढ़ी इस नशा रूपी जहर की चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। विजयादशमी के इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना होगा कि हम इस नशा रूपी जहर को छोड़ें और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें सही मार्ग दिखाएं। तभी हम एक स्वस्थ और संस्कारित समाज का निर्माण कर पाएंगे। विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि विजयादशमी केवल रावण के पुतले के दहन का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर की बुराइयों पर विजय प्राप्त करने और सद्गुणों को अपनाने का अवसर है। हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारा, न्याय और सेवा की भावना को और मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे, पार्षद सारिका साहू, सरपंच लक्ष्मी साहू, रमेश निर्मलकर, प्रवीण सिंह राजपूत, राकेश त्रिपाठी, रोहित चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, किसन साहू, जोहनलाल चंद्राकर, राकेश साहू, राजेश साहू, किशोर साहू, समिति अध्यक्ष पारसनाथ भुआर्य, दशहरा समिति अध्यक्ष जैनकुमार देशमुख, दशहरा समिति अध्यक्ष खेमचंद देवांगन आदि मौजूद थे।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध

दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।




बुजुर्ग को मिर्गी जैसे दौरे, पेसमेकर से सुधरी स्थिति

भिलाई। लगभग 80 वर्ष की एक बुजुर्ग महिला को पिछले काफी समय से मिर्गी जैसे दौरे पड़ रहे थे। कई जगह दिखाने पर भी कोई विशेष लाभ नहीं मिला। दो सप्ताह पहले उसे हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के न्यूरोसाइंसेज विभाग में लाया गया। जांच करने पर जो समस्या सामने आई उसने सभी को चौंका दिया।डॉ. नचिकेत दीक्षित ने मरीज की जांच करने के बाद पाया कि यह आम मिर्गी का मामला नहीं है। मिर्गी मस्तिष्क से जुड़ी एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, जिसमें व्यक्ति को बार-बार और अचानक दौरे पड़ते हैं। सिर पर गंभीर चोट लगने, मस्तिष्क का संक्रमण या ट्यूमर के अलावा आनुवंशिक कारणों से भी मिर्गी के दौरे पड़ सकते हैं। पर इसका एक कारण और हो सकता है। यदि मस्तिष्क को रक्त और ऑक्सीजन की सप्लाई बराबर न मिले तब भी ऐसे लक्षण प्रकट हो सकते हैं। एक मल्टी सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल ऐसे ही समय में काम आता है। मरीज को कार्डियोलॉजी विभाग को रिफर कर दिया गया। इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. चेतन चतुर्वेदी ने बताया कि मरीज का ईसीजी करने पर धड़कनों की संख्या काफी कम निकली। इसे ब्रेडीकार्डिया कहते हैं। 50 बीट प्रति मिनट से कम धड़कन होने पर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है। महिला की धड़कन 20 से 30 बीट प्रति मिनट के बीच ऊपर नीचे हो रही थी। धीमी धड़कन के कारण मस्तिष्क तक पर्याप्त ऑक्सीजन और खून न पहुंचने से बार-बार बेहोशी के दौरे पड़ रहे थे जो मिर्गी जैसे लग रहे थे। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि मरीज की विस्तृत जांच करने के बाद पेस मेकर लगाने की जरूरत महसूस की गई। परिवार की स्वीकृति मिलने पर मरीज को पेसमेकर लगा दिया गया। पेसमेकर लगाने के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।



मोदीकेयर बिजनेस रोजगार का बेहतरीन अवसर

भिलाई। मोदीकेयर बिजनेस रोजगार का बेहतरीन अवसर है। भिलाई में पासपोर्ट के लिये जाने पहचाने श्रीकांत जैन ने बताया कि पिछले 2-3 वर्षो से बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी से लोग परेशान है। सब कुछ न कुछ करना चाहते है और बहुत से लोग अतिरिक्त आय का साधन भी तलाश रहे है। ऐसे में मोदीकेयर बिज़नेस एक बेहतरीन अवसर है। लोगों को कुछ नहीं करना है, बस आपको अपनी दुकान बदलनी है। आपके घर खर्च पर आपको 30 से 50 प्रतिशत की बचत व फायदा शुरू हो जाएगा। फ्री रजिस्ट्रशन होने के बाद अगर आप लगभग 3000 - 3500 रुपए की खरीदारी करते है तो आपको सभी सामान पर 20 से 25% की छूट के साथ 10 से 15% का का फ्री गिफ्ट तुरंत प्राप्त होगा। आपके बैंक खाते पर 2 से 6% कैश बेक आयेगा और 6 महीने लगातार खरीदारी करने पर सातवें महीने, आपके औसत खरीदारी का एक महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 17% और 12 महीने लगातार खरीदारी करने पर तेरहवें महीने दो महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 25% इस तरह से आपको लगभग 60% की बचत व फायदा हो जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डीपी स्टोर पर संपर्क कर सकते हैं।ं पासपोर्ट, वीसा, टिकट व पैकेज टूर विशेष ऑफर के साथ उपलब्ध है।



स्कूटी से 145 पौवा देशी शराब ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओखरा/मुरमुंदा।

नंदिनी नगर पुलिस ने अवैध मदिरा परिवहन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए दो युवकों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से देशी शोले मसाला मदिरा के 145 पौवा और परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 54,500 रुपये है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर को आरक्षक महेश यादव शासकीय वाहन से गश्त पर थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम हरदी स्थित मदिरा दुकान से भारी मात्रा में शराब लेकर स्कूटी से मुरमुंदा की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने हरदी से गिरहोला जाने वाले कच्चे रास्ते पर जेके लक्ष्मी पत्थर खदान के समीप घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। थोड़ी देर में कत्थई रंग की होंडा एक्टिवा (क्रमांक सीजी 07 डीजी 0638) पर सवार दो युवकों को रोका गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान साहिल भारती (23 वर्ष) और नीतिश गायकवाड़ (24 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम मुरमुंदा के रूप में दी। तलाशी लेने पर उनके झोले से 180 मिलीलीटर क्षमता वाले 145 पौवा देशी शोले मसाला शराब (कुल 26.100 बल्क लीटर) बरामद हुई, जिसकी कीमत 14,500 रुपये है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इसे हरदी से खरीदकर मुरमुंदा में प्रति पौवा 140 से 150 रुपये में बेचने जा रहे थे। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया। मौके से 14,500 रुपये की शराब और 40,000 रुपये मूल्य की स्कूटी जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच जारी है।

- गिरहोला मार्ग पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, शराब व वाहन समेत 54,500 रुपये का माल जब्त

नपा जामुल में मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर 30 तक

जामुल। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय निकाय निर्वाचन के लिए सभी वार्डों की मतदाता सूची में नाम की जांच करने तथा छूटे हुए नाम जुड़वाने के लिए 30 अक्टूबर तक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। वार्ड 1, 2, 3, 4 और 6 के लिए शासकीय हाई स्कूल व पूर्व माध्यमिक शाला; वार्ड क्रमांक 5, 7, 9 और 10 के लिए रावण भाठा शासकीय प्राथमिक शाला; वार्ड क्रमांक 8, 12, 13, 14 और 15 के लिए एसीसी कॉलोनी प्राथमिक शाला भवन; वार्ड क्रमांक 16, 17 और 18 के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शिवपुरी; तथा वार्ड क्रमांक 19 और 20 के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरडुंग में शिविर लगाए गए हैं। यह आयोजन 23 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक जारी है, जिसमें मतदाता दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। शिविर का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक है।

परिजनों ने मुक्तिधाम में किया पौधरोपण, दी भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

निकटवर्ती ग्राम कोकड़ी में दिवंगत मुरली निषाद की स्मृति में आयोजित तीजनाहवन कार्यक्रम के दौरान परिजनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद के मार्गदर्शन में परिजनों ने गांव के मुक्तिधाम परिसर में पीपल का पौधा रोपा। इस अवसर पर विकसित भारत योजना के तहत कार्यरत ग्रामीण महिलाओं ने भी पौधरोपण में सहभागिता की। कार्यक्रम में शैलेंद्र निषाद, मोहन निषाद, भावेंद्र निषाद, जतिन निषाद, बंशी निषाद और मिथलेश निषाद उपस्थित रहे। सभी ने लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद ने कहा कि दिवंगत प्रियजनों की स्मृतियों को प्रकृति के माध्यम से सदैव जीवित रखा जा सकता है। किसी की याद में वृक्षारोपण करना न केवल सच्ची श्रद्धांजलि है।

विद्यार्थियों ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

पीएम श्री सेजेस कुम्हारी द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के हेल्थकेयर विषय के विद्यार्थियों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कुम्हारी में चार दिवसीय औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 123 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था की प्राचार्या डॉ. विजया श्रीवास्तव के नेतृत्व तथा हेल्थकेयर व्यावसायिक प्रशिक्षक संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम 12 अक्टूबर से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मरीज देखभाल, व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमों तथा अस्पताल के प्रशासनिक कामकाज की जानकारी दी गई।



विद्यार्थियों ने विभिन्न वार्डों व चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन कर किताबी ज्ञान को व्यावहारिक रूप में समझा। प्राचार्या डॉ. विजया श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता और व्यावसायिक कौशल का विकास होता है।

जुआरियों पर हुई कार्रवाई



भिलाई। जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम गाडाघाट धमधा निवासी कमलेश वर्मा, हरि राम वर्मा, तेज राम पटेल, राम खिलावन यादव, तवर निषाद को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने नगद 11,100 रुपए ताश पत्ती आदि जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है।



शरद पूर्णिमा

आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य और शीतलता का संगम

शरद पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कोजागरी पूर्णिमा पर खीर अर्पण और रात्रि जागरण की परंपरा, श्रीकृष्ण की रासलीला से जुड़ा है पर्व का पौराणिक महत्व



सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22k), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
* शर्तें लागू
• जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
• शॉप नं.-64 बी, इंदिरा मार्केट, दुर्ग
• बाजार चौक, कुम्हारी

JANTA BOOT HOUSE
POWER HOUSE BHILAI
SINCE 1965
Style Comfort For Every Step...
DIWALI DHAMAKA OFFER
Badi Brands Bade Style Ke Saath...
Dhamaka Pe Dhamaka OFFER
10,000 की खरीदी पर स्पाइकर केजुअल WATCH FREE
AUR SIRF ITNA HI NAHI... ₹2,499 KI WATCH BHI FREE
DOUBLE DHAMAKA OFFER | BEST BRANDS | LIMITED TIME OFFER | SHOP NOW & SAVE BIG
NIKE REVOLUTION 8 | CAMPUS STEP UP YOUR GAME | SKECHERS GO LIKE NEVER BEFORE
JANTA BOOT HOUSE POWER HOUSE, BHILAI
यह ऑफर अभी से चालू है दिनांक 18 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक
NAVRATRI SE DIWALI TAK ★ STYLISH BANO ★ COMFORT KE SAATH ★ JANTA BOOT HOUSE - POWER HOUSE, BHILAI

Get Your Passport in 2-3 Days Only...
C.G. No. 1 in Passport
SHRIKANT JAIN
98271 16933, 94791 74525
PASSPORT, VISA, AIR TICKET, HOLIDAYS & INSURANCE
(LIFE MEDICLAIM & MOTOR VEHICLES)
Modicare
Save & Earn 30% to 50%
न किसी को कुछ समझाना, न किसी को कुछ बेचना...
सिर्फ और सिर्फ अपनी शॉप दुकान बदले और पाये 30% से 50% तक बचत का लाभ
आपकी रोज की जरुरत का लगभग हर सामान...
Modicare DP Smriti Nagar, Bhilai
Plot - 1, Street - 20, Smriti Nagar, Bhilai

सिद्धि ऑटो
E-RIKSHAW SHOWROOM
दीपावली धमाका ऑफर
हर ई-रिक्शा के साथ FREE गिफ्ट
• 10 हजार रुपये तक कैश बैक की शानदार छूट
• फायनेंस की सुविधा
• 12.5% ब्याज दर फ्री सर्विसिंग 3 माह
• हर ई रिक्शा के साथ फ्री गिफ्ट+लक्की ड्रा
• LED TV (लक्की ड्रा)
• चांदी का सिक्का (लक्की ड्रा)
• गिफ्ट हेम्पर हर ग्राहक के लिए
• ड्राई फ्रुट पैक (विशेष उपहार)
• इलेक्ट्रिक केटल (बम्पर गिफ्ट)
• स्टील डिनर सेट
• ट्रैवल बेग, ब्लू टूथ स्पीकर
• प्रीमियम छाता
• बेडशीट, मिनीटूल किट्स
राजेन्द्र पार्क, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
फोन : 7400799340, 7400690375

शरद पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष स्थान रखती है। आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व भक्ति, प्रेम, समर्पण और प्रकृति की सुंदरता का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ महारास रचाया था। वहीं, मां लक्ष्मी की आराधना, चांदनी रात में खीर रखने और रात्रि जागरण की परंपरा इस पर्व को विशेष बनाती है। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

श्रीकृष्ण के महारास से जुड़ी है पौराणिक मान्यता



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ दिव्य महारास किया था। इस रासलीला में प्रत्येक गोपी को ऐसा अनुभव हुआ कि श्रीकृष्ण केवल उनके साथ ही नृत्य कर रहे हैं।

यह प्रसंग भगवान की सर्वव्यापकता और भक्त के प्रति उनके असीम प्रेम का प्रतीक माना जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से महारास को आत्मा और परमात्मा के मिलन के रूप में भी देखा जाता है। यही कारण है कि ब्रज क्षेत्र में इस अवसर पर राधा-कृष्ण की रासलीला का विशेष आयोजन किया जाता है।

मां लक्ष्मी की आराधना और कोजागरी परंपरा

शरद पूर्णिमा का संबंध धन, समृद्धि और सुख-शांति की देवी मां लक्ष्मी से भी है। धार्मिक मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागकर उनकी आराधना करने वाले भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। इसी मान्यता से इस पर्व को कोजागरी पूर्णिमा कहा जाता है। 'कोजागरी' शब्द का अर्थ है–'कौन जाग रहा है?' इस दिन श्रद्धालु मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं, घरों में दीप प्रज्वलित करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना के साथ रात्रि जागरण करते हैं।

चांदनी में खीर रखने की अनूठी परंपरा

शरद पूर्णिमा की सबसे प्रमुख लोक परंपराओं में चंद्रमा की रोशनी में खीर रखने की प्रथा शामिल है। घरों में दूध, चावल और मेवे से खीर तैयार की जाती है और उसे रात में खुले स्थान पर रखा जाता है।

मान्यता है कि पूर्णिमा की चांदनी से खीर में अमृत तुल्य गुण समा जाते हैं। बाद में इसे भगवान को अर्पित कर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। परिवार के सदस्य एक साथ बैठकर प्रसाद लेते हैं, जिससे पर्व में धार्मिक आस्था के साथ पारिवारिक मेल-मिलाप का भाव भी जुड़ता है।

धार्मिक आस्था के साथ जुड़ा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण

शरद पूर्णिमा वर्षा ऋतु के बाद शरद ऋतु के आगमन का संकेत देती है। इस दौरान मौसम में बदलाव होता है और वातावरण में अपेक्षाकृत ठंडक महसूस होने लगती है। चांदनी रात में कुछ समय खुले वातावरण में बिताना लोगों को सुकून और मानसिक शांति का अनुभव करा सकता है। हालांकि, चंद्रमा की किरणों में विशेष औषधीय गुण होने, यूवी किरणों का प्रभाव न्यूनतम होने या चांदनी में रखी खीर के औषधीय गुण बढ़ने के दावों के पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए खीर को स्वच्छता के साथ ढककर रखना और सुरक्षित तरीके से सेवन करना जरूरी है।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में शरद पूर्णिमा को स्थानीय रीति-रिवाजों के अनुसार मनाया जाता है। उत्तर भारत में खीर बनाकर चंद्रमा को अर्पित करने और प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा प्रचलित है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में इस अवसर पर कोजागरी लक्ष्मी पूजा की जाती है।

ब्रज क्षेत्र में राधा-कृष्ण की रासलीला और भजन-कीर्तन के आयोजन होते हैं। वहीं, गुजरात में रास और गरबा की सांस्कृतिक परंपराएं कृष्ण भक्ति से जुड़ी व्यापक लोक-संस्कृति का हिस्सा हैं।

ध्यान, योग और आत्मचिंतन का अवसर

शरद पूर्णिमा को आत्मशुद्धि, संयम और साधना के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। श्रद्धालु उपवास रखते हैं, मंत्र जाप करते हैं और ध्यान के माध्यम से मन को एकाग्र करने का प्रयास करते हैं। योग, प्राणायाम और ध्यान नियमित रूप से करने से तनाव कम करने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

आयुर्वेदिक परंपरा में शरद ऋतु के दौरान पित्त दोष के संतुलन पर ध्यान देने की बात कही जाती है, लेकिन चांदनी को पित्त शांत करने या आंखों की थकान दूर करने का प्रमाणित उपचार नहीं माना जाना चाहिए।

प्रकृति और अध्यात्म के मिलन का पर्व

शरद पूर्णिमा केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के सौंदर्य, पारिवारिक एकता और आध्यात्मिक चेतना का भी उत्सव है। पूर्ण चंद्रमा की उजली चांदनी मन में शांति और सकारात्मकता का भाव जगाती है।

श्रीकृष्ण की रासलीला प्रेम और समर्पण का संदेश देती है, जबकि मां लक्ष्मी की आराधना परिश्रम, समृद्धि और मंगलकामना से जुड़ी है।

यह पर्व जीवन में संतुलन, सद्भाव और आस्था के महत्व को याद दिलाता है।

M.S. SOLAR SOLUTION
पी.एम. सूर्य घर योजना तहत
दीपावली ऑफर
* सर्विस की पूर्ण गारंटी *
3 KW की कीमत 1.7 लाख से शुरु
1 लाख 8 हजार रु. का सरकारी सब्सिडी का लाभ उठायें।
All AC, DC wire Cable of Standard Company with Coper
90% बैंक फाइनेंस 6% प्रतिवर्ष ब्याज दर
प्रोपराईटर
एस.एल. साहू
प्लाट-1, सड़क-12, प्रगति नगर, रिसाली
मो. - 9993507874
चैनल पार्टनर
बलराम साहू
अंजोर इण्डेन गैस के पास, उमरपोटी मार्केट
मो.- 8319704587

शरद पूर्णिमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ...
प्रो. जयंत ताम्रकार
जयंत फर्नीचर
इंटरप्राइजेस एंड मोबाईल
हमारे यहां सभी सामान में सभी प्रकार के फायनेंस सुविधा 0% डाउनपेमेंट में उपलब्ध है
79875-99562
शादी विवाह के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
BAJAJ FINSERV | SAMSUNG Finance+ | HOME CREDIT | HDB FINANCIAL SERVICES
HDFC BANK We understand your world | Mahindra FINANCE | IDFC FIRST Bank
इंदिरा मार्केट पार्किंग के पास, अग्रवाल मिष्ठान भंडार के आगे, दुर्ग
न्यू ब्रांच : नवाब प्लाजा, मान होटल चौक, इंदिरा मार्केट, दुर्ग


शरद पूर्णिमा पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एल.बी. वर्मा
(अधिवक्ता एवं समाजसेवी)
भाजपा नेता
L B VERMA AND ASSOCIATES, Bhilai-Durg (CG)
All Legal Services, Income tax, GST, MSME case, Sec 15, DRT jabalpur, High court Bilaspur, ja...
Shop-259-260 first floor, Near HDFC Bank Chouhan Estate supela Bhilai, Durg (CG) 490023, Mob.: 9424255152

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


02




देश राग के मंच पर बिखरे शास्त्रीय...

लाइव इवेंट

आचार्य नानालाल और रामलाल के पदारोहण दिवस पर 28 को सामूहिक आयंबिल





दुर्ग। आचार्य प्रवर 1008 नानालाल जी म.सा. की 27वीं पुण्य स्मृति एवं जैनाचार्य 1008 रामलाल म.सा. के आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर 28 अक्टूबर, बुधवार को सामूहिक आयंबिल का आयोजन किया जाएगा। साधुमार्गी जैन संघ, दुर्ग एवं ओसवाल पंचायत, दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में जैन संत मनीष मुनि म.सा., पूज्य प्रणत मुनि एवं साध्वी हेमप्रभा का सानिध्य प्राप्त होगा। आचार्य प्रवर नानालाल म.सा. समता विभूति, धर्मपाल प्रतिबोधक एवं चारित्र चूड़ामणि के रूप में श्रद्धालुओं के हृदय में विशेष स्थान रखते हैं। उन्होंने व्यसन मुक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देकर जन-जन के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित यह आयोजन श्रद्धा, संयम, तपस्या और आध्यात्मिक साधना को समर्पित रहेगा।

आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष 28 अक्टूबर को आयंबिल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के श्रावक-श्राविकाओं को आयंबिल तप करने का संकल्प लेने और संयम-साधना के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। श्री साधुमार्गी जैन संघ एवं श्री ओसवाल पंचायत ने ओसवाल पंचायत के सभी घटक दलों सहित समस्त जैन समाज से अधिक से अधिक संख्या में आयंबिल करने और सामूहिक धर्म आराधना में सहभागी बनने का निवेदन किया है। आयोजकों ने समाजजनों से इस पुण्य अवसर पर सामूहिक आयंबिल में सहभागी बनकर गुरुभक्ति एवं तप आराधना का लाभ लेने तथा आचार्य भगवंतों की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने की अपील की है।

लाइव इवेंट

स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे मंच के नौ विभाग



भिलाई। स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच के अंतर्गत नौ विभाग विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन विभागों के माध्यम से भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने, युवाओं एवं उद्यमियों को जागरूक करने और देश की आर्थिक व औद्योगिक क्षमता को मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वदेशी व्यापारी मंच ने छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नई जिम्मेदारियों की घोषणा की। अजय भसीन को स्वदेशी व्यापारी मंच का प्रदेश संगठक तथा गार्गी शंकर मिश्रा को सह संगठक का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही 21 सदस्यों की टीम की घोषणा भी की गई।

स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संगठक सतीश कुमार ने बताया कि मंच का मूल उद्देश्य देश में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भारतीय उद्योगों एवं व्यापारियों को प्रोत्साहित करना और देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल भारतीय वस्तुओं की खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के श्रमिकों, कारीगरों, किसानों, व्यापारियों और उद्यमियों के परिश्रम का सम्मान करने तथा भारत की आर्थिक शक्ति को मजबूत बनाने का संकल्प है।

21 व्यापारियों को मिला छत्तीसगढ़ व्यापार रत्न सम्मान

कार्यक्रम में प्रदेश के 21 ऐसे व्यापारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने संघर्ष और मेहनत के बल पर सफलता के नए मुकाम हासिल किए हैं। शिक्षा जगत से आई.पी. मिश्रा और संतोष रुंगटा, उद्योग क्षेत्र से सुंदर बंसल, दिनकर बासोटिया, सुरेश जैन, निलाद्री शाह, अजीत सिंह और संतोष अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में योगदान के लिए कैलाश बत्रा, सुनील बालानी, महेश दरयानी, विक्की लोहाना, अनिल शर्मा, सुनील मध्यानी, कांतिलाल बोथरा, प्रकाश सांखला, जितेंद्र नाहर, सुभाष अग्रवाल, श्रीचंद बत्रा और सीए प्रदीप पाल को छत्तीसगढ़ व्यापार रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

नौ विभागों के माध्यम से स्वदेशी का विस्तार

स्वदेशी जागरण मंच के अंतर्गत संचालित विभाग अपने-अपने क्षेत्र में स्वदेशी विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इनमें स्वदेशी व्यापारी मंच व्यापारियों को स्वदेशी विचारधारा से जोड़ने, स्थानीय बाजारों को प्रोत्साहित करने और भारतीय उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करता है। कार्यक्रम की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी शंकर सचदेव और निरंकार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यंग जनरेशन भारत युवाओं के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की भावना को आगे बढ़ाने वाला आंदोलन है। स्वदेशी वित्त सलाहकार परिषद चार्टर्ड अकाउंटेंट, वित्त पेशेवरों और वित्तीय सलाहकारों को एक मंच पर लाकर स्वदेशी आर्थिक विचारों को प्रोत्साहित करती है।

● आईआईटी भिलाई के 313 विद्यार्थियों ने हासिल की नई मंजिल, स्वर्ण पदकों से चमके मेधावी

छठे दीक्षांत समारोह में 19 पीएचडी, 37 एमएससी, 79 एमटेक और 170 बीटेक विद्यार्थियों को मिली उपाधि, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने लिया संकल्प

भिलाई। सपनों को साकार करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए आईआईटी भिलाई के 313 विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा किया। किसी के हाथ में शोध की उपलब्धि थी, तो किसी ने तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई। शनिवार को संस्थान के नालंदा हॉल में आयोजित छठे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और सीनेट पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नीति आयोग के पूर्व सदस्य एवं रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के पूर्व महानिदेशक डॉ. विजय कुमार सारस्वत ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने और अपने सपनों को विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ने का संदेश दिया। समारोह की अध्यक्षता आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय ने की।



छह श्रेणियों में उपाधियों का वितरण

दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कुल 313 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 19 पीएचडी, 37 एमएससी, 79 एमटेक, 8 बीटेक ऑनर्स और 170 बीटेक विद्यार्थी शामिल रहे। संस्थान ने डिजिटल इंडिया की भावना के अनुरूप विद्यार्थियों को डिजिटल उपाधि प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। यह पहल कागज के उपयोग को कम करने और पर्यावरण के अनुकूल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

मेधावी विद्यार्थियों को मिले स्वर्ण पदक

सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाली बीटेक विद्यार्थी कृति अरोड़ा को संस्थान स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। बीटेक, बीटेक ऑनर्स और एमएससी पाठ्यक्रमों में समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए निधि सिंह को निदेशक स्वर्ण पदक मिला। वहीं, शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीटेक में शुभम योगेश महाजन तथा एमटेक में जिमली पाटोवारी को निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

युवाओं से विकसित भारत के निर्माण का आह्वान

बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय ने ग्रामीण विकास में ज्ञान संस्थानों की भूमिका पर जोर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार सारस्वत ने अपने डीआरडीओ और नीति आयोग के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से अपने सपनों को विकसित भारत के निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया। निदेशक ने यह भी बताया कि आईआईटी भिलाई टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ सरकार की समग्र शिक्षा पहल के सहयोग से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विद्या समीक्षा केंद्र विकसित किया, जिसे 30 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को समर्पित किया था।

विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को सीनेट पुरस्कार

बीटेक में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से कृति अरोड़ा, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मरदोककर वेदांत भालचंद्र, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से अनुज गुप्ता, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से प्रशांत मालवीय और मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग से धनंजय एबॉट को सीनेट पुरस्कार मिला। एमएससी में रसायन विज्ञान से शुभदीप पॉल, गणित एवं कंप्यूटिंग से मानवी त्यागी और भौतिकी से अनुराग हाजरा सम्मानित हुए।

एमटेक में बायोइंजीनियरिंग से प्रजापत रविंद्र हिम्मतभाई, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से अरिंदम चक्रवर्ती, कंट्रोल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन से देबजीत सरकार, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से ब्योमकेश पांडा और नितेश सिंह भदौरिया, डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग से नितेश वर्षन एम. और सौरव कुमार, ईवीटी से बसिष्ट्टी रंजिता, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार से देबज्योति डे, एमएसएमई से जिमली पाटोवारी, मेकाट्रॉनिक्स से यजौर किचेनमूर्ती, पीएसपीई से विवेक कुमार सोनी तथा थर्मल एंड फ्लुइड्स इंजीनियरिंग से अनुपम कुमार सिंह को सीनेट पुरस्कार प्रदान किए गए।





अनुसंधान और नवाचार में संस्थान की बढ़ती पहचान

निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने स्वागत भाषण के साथ संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आईआईटी भिलाई ने छत्तीसगढ़ का पहला आईटी पार्क स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार के सहयोग से विकसित इस आईटी पार्क का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सिविल लाइंस में किया। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी, नवाचार, उद्यमिता, अनुसंधान और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। संस्थान में वर्तमान में 191 परियोजनाएं संचालित हैं और अनुसंधान एवं विकास का बजट बढ़कर 187 करोड़ रुपये हो गया है। संस्थान ने आईएमटी नॉर्ड यूरोप, इकोल सेंट्राल डी नांत और ग्राज प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे विदेशी संस्थानों के साथ भी समझौते किए हैं।

जागरण के अग्रदूत- इंदरू केवट पुस्तक का विमोचन स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को किया याद

भिलाई। स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले गुमनाम नायकों के संघर्ष और बलिदान को सामने लाना इतिहास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे ही जननायक इंदरू केवट के जीवन, संघर्ष और देशप्रेम को रेखांकित करने वाली पुस्तक जागरण के अग्रदूत इंदरू केवट का विमोचन नेहरू नगर भिलाई स्थित कबीर आश्रम निर्मल ज्ञान मंदिर में किया गया। पुस्तक के लेखक बद्रीप्रसाद पारकर हैं। बस्तर के गांधी के नाम से ख्यात इंदरू केवट की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने उनके स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद किया और नई पीढ़ी तक उनके विचारों तथा संघर्ष की गाथा पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज प्रांतीय संगठन एवं विधायक गुंडरदेही थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आनंद निषाद ने की। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ साहित्यकार, कहानीकार एवं कथाकार डॉ. परदेशीराम वर्मा, भाषा एवं पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा, निर्मल ज्ञान मंदिर के ट्रस्टी सचिव प्रेमादास साहू तथा वरिष्ठ साहित्यकार-पत्रकार डॉ. दीनदयाल साहू शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि इंदरू केवट ने अभावों में जीवन बिताने के बावजूद देशहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। उन्होंने युवाओं की टोली तैयार कर अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया। स्वदेशी आंदोलन के समर्थन में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और उनके विरोध में होली जलाने के लिए वे कांकेर से पैदल रायपुर पहुंचे थे। उनका यह कदम स्वदेशी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने के संकल्प को दर्शाता है। वक्ताओं ने बताया कि धमतरी के कंडेल में महात्मा गांधी के आगमन के दौरान इंदरू केवट भी वहां पहुंचे थे। गांधीजी के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष को और मजबूती से आगे बढ़ाया।



नई पीढ़ी तक पहुंचना चाहिए ऐसे नायकों का इतिहास

अतिथियों ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे अनेक नायक हैं, जिन्होंने देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, लेकिन उनके जीवन और संघर्ष को व्यापक पहचान नहीं मिल सकी। जागरण के अग्रदूत इंदरू केवट जैसी पुस्तकें उनके योगदान को समाज के सामने लाने और नई पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। पुस्तक के लेखक बद्रीप्रसाद पारकर ने स्वागत भाषण दिया।

सतनाम भवन में आज जुटेंगे समाज के पदाधिकारी

भिलाई। बाबा गुरु घासीदास जयंती के तीन दिवसीय समारोह की तैयारियों को लेकर गुरु घासीदास सेवा समिति, सेक्टर-6 भिलाई की महत्वपूर्ण बैठक 25 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 2 बजे सतनाम भवन, सेक्टर-6 में आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष बी.एल. कुर्रे ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास की जयंती सामाजिक समरसता और उत्साह के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में मनाई जाएगी। आयोजन को व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में जयंती समारोह की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करने, विभिन्न कार्यक्रमों का निर्धारण करने तथा आयोजन की जिम्मेदारियां सौंपने पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों, वरिष्ठ पदाधिकारियों और विचारकों से सुझाव एवं मार्गदर्शन भी लिया जाएगा।

समिति ने समाज के सभी प्रमुखों, युवा साथियों और मातृशक्ति से बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की है, ताकि सामूहिक सहभागिता से जयंती समारोह को सफल बनाया जा सके।

ब्रजमंडल भिलाई में होगा महोत्सव, स्वर्ण प्राशन और महारास गरबा की धूम

कार्नर न्यूज

शरद पूर्णिमा पर राधा-कृष्ण मंदिर में आज महाभिषेक बच्चों को पिलाई जाएगी स्वर्ण प्राशन मंत्र औषधि

भिलाई। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को शहर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव मनाया जाएगा। इसी कड़ी में ब्रजमंडल भिलाई के तत्वावधान में गीताभवन स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण का विशेष साज-शृंगार और महाभिषेक किया जाएगा। वहीं, बच्चों के लिए स्वर्ण प्राशन मंत्र औषधि पिलाने की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए महारास गरबा नृत्य की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

महोत्सव की शुरुआत सुबह भगवान श्री राधा-कृष्ण के विग्रह के विशेष साज-शृंगार और महाभिषेक के साथ होगी। धार्मिक परंपराओं के अनुसार शरद पूर्णिमा का पर्व भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला से भी जुड़ा है। यही कारण है कि इस अवसर पर भक्ति, संगीत और नृत्य के माध्यम से राधा-कृष्ण की लीलाओं का स्मरण किया जाता है। ब्रजमंडल भिलाई की ओर से आयोजित इस महोत्सव में भी श्रद्धालुओं को भक्ति और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन के भिलाई के रेकी मास्टर अनिल कुमार मित्तल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों को स्वर्ण प्राशन मंत्र औषधि पिलाई जाएगी। इसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। इच्छुक अभिभावक पंजीयन एवं विस्तृत जानकारी के लिए मंदिर में संपर्क कर सकते हैं।

महाआरती के बाद होगी महारास गरबा की प्रस्तुति

महोत्सव के संध्याकालीन कार्यक्रम में शाम 6.30 बजे अतिथियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्री राधा-कृष्ण की महाआरती की जाएगी। इसके बाद मंदिर प्रांगण में आमंत्रित कलाकारों द्वारा विशेष महारास गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। भक्ति गीतों और गरबा की लय के बीच कलाकार राधा-कृष्ण की भक्ति से जुड़ी सांस्कृतिक छटा बिखेरेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के हाथों गरबा नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा।



ब्रजमंडल के पंडित आचार्य सुनील द्विवेदी ने भिलाई ने सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं से परिवार सहित महोत्सव में शामिल होकर पूजा-अर्चना, महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लाभ लेने को कहा है।

साई मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव आज

दुर्ग। कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में आज शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा शाम को 7.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है। भजन संध्या में गायक धनंजय तिवारी और उनके साथी गायक कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। तत्पश्चात रात्रि 12 बजे अमृत रूपी खीर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा ने शरद पूर्णिमा पर्व पर आयोजित समस्त कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

सिटी इवेंट

अहंकार और क्रोध से दूर रहकर भक्ति और सदाचार को अपनाएं



■ परमेश्वरी भवन रिसाली में श्रीमद्भागवत कथा का किया जा रहा आयोजन

भिलाई । रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को भागवताचार्य पं. निरंजन ने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग का वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाराज ने बताया कि राजा परीक्षित पांडवों के वंशज और अभिमन्यु एवं उत्तरा के पुत्र थे। वे धर्मप्रिय, प्रजावत्सल और भगवान श्रीकृष्ण के भक्त थे। एक प्रसंग के अनुसार, वन में शिकार के दौरान प्यास और थकान से व्याकुल राजा परीक्षित ऋषि शमीक के आश्रम पहुंचे। ऋषि ध्यान में लीन थे और राजा के प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सके। इससे क्रोधित होकर राजा परीक्षित ने ऋषि के गले में मृत सर्प डाल दिया। जब ऋषि के पुत्र श्रृंगी को इस घटना का पता चला, तो उन्होंने राजा परीक्षित को सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से मृत्यु का श्राप दे दिया। श्राप की जानकारी मिलने पर राजा परीक्षित ने राजपाट त्यागकर गंगा तट पर बैठकर जीवन के अंतिम सात दिन भगवान की कथा सुनने का संकल्प लिया। इसी दौरान महान संत शुकदेव ने उन्हें श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनाई। राजा परीक्षित ने पूरी श्रद्धा से कथा का श्रवण किया और भगवान की भक्ति में अपना मन लगाया। कथा के माध्यम से संत श्री. निरंजन महाराज ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि मनुष्य को अहंकार और क्रोध से दूर रहकर सदैव धर्म, सदाचार और भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण जीवन को सही दिशा देने और ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ाने का माध्यम है। यह नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन 23 से 31 अक्टूबर तक चल रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है।

धर्म लाइव

मेडिकल कैंप में 500 से अधिक विद्यार्थी और फैकल्टी हुए लाभान्वित



भिलाई। स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई द्वारा एमजीएम स्कूल सेक्टर-6 में एक विशेष मेडिकल जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और फैकल्टी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर डॉ. डैनियल लिजो और स्टेफी जोस ने उपस्थित विद्यार्थियों व फैकल्टी को सीपीआर तथा मेडिकल फिटनेस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हृदय गति रुकने जैसी आपातकालीन स्थिति में सीपीआर की सही जानकारी और समय पर की गई सहायता अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। साथ ही, उपस्थित लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने और उचित चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के महत्व से भी अवगत कराया गया। कैंप के दौरान डॉ. डैनियल लिजो ने विशेष रूप से स्कूल की फैकल्टी को बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए उपयोगी हेल्थ टिप्स प्रदान किए। उन्होंने नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता, संतुलित दिनचर्या तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले सरल व्यायामों के बारे में भी जानकारी दी, जिससे व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखा जा सके। इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में 300 से अधिक विद्यार्थी एवं 200 से अधिक फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। स्पर्श हॉस्पिटल, भिलाई द्वारा आयोजित इस पहल का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

मठ-मंदिर संरक्षण समिति की कार्यकारिणी का विस्तार, मंदिर के सदस्यों को मिली जिम्मेदारी



दुर्ग। मठ-मंदिरों के संरक्षण एवं उनके संचालन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गठित मठ-मंदिर संरक्षण एवं सेवा समिति की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। यह विस्तार समिति के संयोजक आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा, अध्यक्ष मंगल प्रकाश गुप्ता एवं सचिव संजय साहू की विशेष उपस्थिति में मां सत्ती एवं मोती महावीर मंदिर मोतीपारा में आयोजित बैठक में किया गया। जिसके अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी में संरक्षक पंडित जय शर्मा, रघुनंदन उजाला, संदीप ताम्रकार, अतुल नागले, विजय अग्रवाल, चंचल सेठिया, अशोक राठी, प्रहलाद रुंगटा, कमल रुंगटा, अखिलेश अग्रवाल, नीतीश चंद्राकर, देवेंद्र कसार, किशोरी लाल सिंघानिया, ओमप्रकाश जोशी, धीरज टांक, सुदर्शन महलवार, डॉ गोविंद दीक्षित, नरसिंग भूतड़ा, श्याम शर्मा होंगे। सह-सचिव कमल सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद देवांगन, सह-कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष विजय जैन, दिलीप गुप्ता, अजय जैन, संजय रुंगटा, आनंद यादव, योगेश जैन, जनसंपर्क प्रमुख सुदीप सनातनी, जनसंपर्क कार्यकारी श्रीकांत उपाध्याय, मीडिया प्रभारी धनेंद्र कांत चंदेल, विधि प्रमुख द्रोण ताम्रकार बनाए गए है। कार्यकारिणी सदस्य के रुप में रोमनाथ साहू, अमित बंछोर, अनूप गटागट, बाबा शर्मा, बसंत कसेर, बलबीर संजोत्रे, आनंददेव ताम्रकार, मानव सोनकर, हेमंत देवांगन, जयंती भाई आड़तिया, किशोर साहू, कुशल उजाला, नारायण खेतान, पंकज राठी, प्रकाश कानावर, प्रमोद बेन्डे, राजू महाराज, शिवराज राउत, विजय जैन, बंटी शर्मा, संजय ताम्रकार, राहुल शर्मा, तुषार अग्रवाल, हरिहर देवांगन को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी विस्तार से पूर्व बैठक में समिति के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, आगामी कार्ययोजना के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के संयोजक आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा ने समिति की कार्यप्रणाली एवं विगत चार वर्षों के कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष मंगल प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आपसी समन्वय, सामूहिक सहभागिता और समर्पित प्रयासों से समिति के उद्देश्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

● 21वें ऑल इंडिया फेस्टिवल एंड कॉम्पिटिशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर में देशभर के कलाकारों का जमावड़ा

देश राग के मंच पर बिखरे शास्त्रीय नृत्य के रंग, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

भिलाई। नृत्य, संगीत और कला की विविध विधाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नृत्यधाम कला समिति भिलाई की ओर से आयोजित 21वें ऑल इंडिया फेस्टिवल एंड कॉम्पिटिशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर देश राग का आगाज शनिवार 24 अक्टूबर को हुआ। एक नवंबर तक चलने वाले इस नौ दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। शास्त्रीय नृत्य की भावपूर्ण मुद्राओं, लय और ताल के संगम ने पूरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। नृत्यधाम कला समिति की संचालक डॉ. राखी रॉय और सह संचालिका ऐश्वर्या कापसे रॉय ने बताया कि देश राग का आयोजन इस वर्ष 21वें साल में प्रवेश कर चुका है। आयोजन को लेकर कलाकारों और अभिभावकों में खासा उत्साह है। अब तक करीब 1300 प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है। उद्घाटन दिवस पर शनिवार को लगभग 200 प्रतिभागियों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां दीं। मंच पर बच्चों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक और मोहिनी अट्टम जैसी नृत्य शैलियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने अपनी भाव-भंगिमाओं, पद संचालन और तालमेल के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सुंदरता को प्रस्तुत किया। हर प्रस्तुति के बाद सभागार तालियों से गूंज उठा। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। अपने बच्चों को मंच पर प्रस्तुति देते देख अभिभावकों के चेहरे पर गर्व और खुशी नजर आई। आयोजन में कला के प्रति बच्चों की रुचि, अभ्यास और आत्मविश्वास की झलक देखने को मिली। नृत्यधाम कला समिति की ओर से प्रतियोगिताओं का आयोजन भिलाई के दो स्थानों पर किया जा रहा है। इनमें सेक्टर-4 स्थित एसएनजी विद्या भवन और सेक्टर-2 स्थित अयप्पा मंदिर परिसर शामिल हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में अलग-अलग विधाओं की प्रतियोगिताएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने के लिए टीना अधिकारी, ऋषिकेश पोहनकर, चेतन बोरकर, प्रिया मुखर्जी और जुगराज बाघ मौजूद रहेंगे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनकी विधा, प्रस्तुति और कलात्मक दक्षता के आधार पर किया जाएगा।








अंतिम दिन उत्कृष्ट प्रतिभागी होंगे जयपद्मा अवार्ड से सम्मानित





देश राग जैसे आयोजन बच्चों और युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा सामने लाने का अवसर देते हैं। ऐसे मंचों से उन्हें अनुभवी निर्णायकों के सामने प्रस्तुति देने, दूसरे कलाकारों की कला को समझने और अपनी कमियों को सुधारने का मौका मिलता है। साथ ही, विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी होता है। नृत्यधाम कला समिति का यह आयोजन भिलाई में कला और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक नवंबर तक चलने वाले इस उत्सव में आगामी दिनों में भी नृत्य, संगीत, वादन और चित्रकला की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। अंतिम दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभागियों को जयपद्मा अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कलाकार

देश राग के 21वें संस्करण में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से कलाकार और प्रतिभागी भिलाई पहुंचे हैं। आयोजकों के अनुसार, कोलकाता, यवतमाल, ओडिशा, महाराष्ट्र सहित विभिन्न स्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लेने के लिए पंजीयन कराया है। इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्गों के कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। प्रतियोगिता में भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक सहित अन्य शास्त्रीय नृत्य शैलियों के साथ संगीत, तबला, वाद्य यंत्र, ड्राइंग और पेंटिंग जैसी विधाओं को भी शामिल किया गया है। इससे प्रतिभागियों को नृत्य और संगीत के साथ दृश्य कला में भी अपनी रचनात्मक क्षमता दिखाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के अंतिम दिन प्रत्येक विधा में सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों को 'जयपद्मा अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान प्रतिभागियों की कला, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया जाएगा।

दिसंबर में होगा साई महोत्सव

साई मंदिर के स्वर्ण जयंती वर्ष का आगाज व्यवसायियों का किया गया सम्मान



दुर्ग। सिविल लाइन कसारीडीह स्थित सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति, श्री साई मंदिर के ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती वर्ष 50वें वर्ष का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री साई बाबा के नाम पर अपनी दुकान और व्यवसाय का संचालन कर उनकी श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाने वाले व्यवसायियों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में जहां व्यवसायियों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया, वहीं भजन संध्या में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर रहे। भजन गायक धनंजय तिवारी एवं उनके साथी कलाकारों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते, नाचते और गाते नजर आए। पूरे वातावरण में साई भक्ति की गूंज रही। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वर्ण जयंती वर्ष के आगाज की खुशियां मनाईं। समारोह में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी मुख्य अतिथि शामिल हुए। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा एवं समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति के अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल ने की। समारोह में विद्युत नगर के शंभूनाथ द्विवेदी, पचरीपारा के राकेश सेन, गिरीश ठाकुर, पुलगांव चौक के कौशल उजाला, कसारीडीह के नंदकुमार ताम्रकार, पद्मनाभपुर के हीरालाल देवांगन, आदर्श नगर के योगेश निर्मलकर, पोटिया चौक के टिकेंद्र देवांगन, शिवनाथ नदी रोड स्थित अमर हाइट्स के नरेंद्र राठी, गंजपारा के हेमंत राठी, इंदिरा मार्केट के नवीन दसवानी सहित करीब 25 व्यवसायियों को सम्मानित किया गया। भजन गायक धनंजय तिवारी एवं उनके साथी कलाकारों का भी सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल ने कहा कि श्री साई मंदिर समिति के स्वर्ण जयंती वर्ष पर इस वर्ष विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रथम आयोजन श्री साई बाबा के नाम पर व्यवसाय संचालित करने वाले और उनके संदेशों के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले व्यवसायियों का सम्मान किया गया है। श्री चंदेल ने बताया कि स्वर्ण जयंती वर्ष का मुख्य आयोजन श्री साई महोत्सव 22, 23 एवं 24 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्री साई बाबा की भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारा प्रमुख आकर्षण होंगे। संचालन श्री साई मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र सिंह राजपूत तथा सचिव धीरेंद्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। स्वर्ण जयंती वर्ष के शुभारंभ अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष मुरलीधर राऊत, संतोष यदु, कोषाध्यक्ष रामेंद्र वंजारी, सह सचिव संतोष खिरोड़कर, प्रचार सचिव नारायण दत्त तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र भटनागर, रमेश दीक्षित, गणेश निर्मलकर आदि मौजूद थे।

गुरु सुरुज बाई खांडे से मिली प्रेरणा

शोध से लोक परंपरा को सहेजने का प्रयास कर रही वंदना

भिलाई। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक सांस्कृतिक विरासत में भरथरी लोकगाथा का विशेष स्थान है। उज्जैन के राजा भरथरी के जीवन, वैराग्य और नाथ परंपरा से जुड़ी इस गाथा को लोक कलाकार पीढ़ियों से गायन के माध्यम से जीवंत बनाए हुए हैं। इसी परंपरा को संरक्षित करने और उसके सांस्कृतिक, सांगीतिक एवं भाषिक रूपांतरण का अभिलेखीकरण करने में लोक गायिका वंदना वर्मा जुटी हैं। वंदना वर्मा, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त दिवंगत लोक गायिका सुरुज बाई खांडे की शिष्या हैं। वर्ष 1998 में भिलाई इस्पात संयंत्र के 22वें मुख्य महोत्सव में गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई और सुरुज बाई खांडे का सानिध्य मिला है। छह वर्ष की उम्र से भरथरी गायन कर रहीं वंदना अब तक 300 से अधिक मंचों पर प्रस्तुति दे चुकी हैं। आकाशवाणी, दूरदर्शन और विभिन्न लोक महोत्सवों में भी उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली की राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज परीक्षा योजना में चयनित वंदना वर्तमान में जूनियर फेलोशिप के तहत भरथरी लोकगाथा पर शोध कर रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम उमदा, भिलाई के 70 वर्षीय वरिष्ठ बांस लोकगाथा कलाकार जंतराम यादव और उनके साथियों से चर्चा की। शोध में बांस वाद्य की उत्पत्ति, विशेषताओं, पौराणिक मान्यताओं, सामाजिक उपयोग, रखरखाव तथा बांसुरी और अलगोजा जैसे वाद्यों से जुड़ी परंपराओं को समझने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने 40 बिंदुओं की प्रश्नावली तैयार की है। जनजातीय शोधार्थी राम कुमार वर्मा के सहयोग से वंदना लोक परंपराओं के संरक्षण की दिशा में कार्यरत हैं। उनके इस प्रयास को पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वरिष्ठ लोक गायिका कविता वासनिक, हिमानी वासनिक, रेखा जलक्षत्री और पद्मश्री उषा बारले सहित अनेक कलाकारों ने शुभकामनाएं दी हैं।



शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विजेती राज्य स्तरीय स्पर्धा में लेंगे हिस्सा

स्वस्थ शरीर और बेहतर प्रदर्शन के लिए समय पर सोना और उठना जरूरी, समृद्धि कौर रहीं उत्कृष्ट खिलाड़ी

कार्नर न्यूज

भिलाई। शासकीय डॉ. वॉ. वॉ. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में उच्च शिक्षा विभाग की सेक्टर स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दुर्ग सेक्टर की चार टीमों ने हिस्सा लिया। पाटणकर कन्या महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों लीग मैच जीतकर छह अंक हासिल किए और विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर की टीम चार अंक के साथ उपविजेता रही।

प्रतियोगिता का उद्घाटन उच्च शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रमेश त्रिपाठी ने किया। चार टीमों द्वारा प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई, जिसमें प्रत्येक टीम को तीन-तीन मैच खेलने का अवसर मिला। पाटणकर कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही दमदार खेल दिखाया। टीम ने मनसा महाविद्यालय को 44-8, शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर को 33-8 और शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा को 35-0 से पराजित कर एकतरफा जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में सर्वाधिक स्कोर करने वाली समृद्धि कौर भाटी को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया।





पुरस्कार वितरण समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने विजेता एवं उपविजेता टीम सहित खिलाड़ियों को व्यक्तिगत और टीम पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और बेहतर प्रदर्शन के लिए समय पर सोना तथा समय पर उठना जरूरी है। नियमित दिनचर्या से शरीर की जैविक घड़ी संतुलित रहती है, नींद की गुणवत्ता सुधरती है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। इससे दिनभर ऊर्जा, एकाग्रता और कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

विजेता टीम में कप्तान डी. अश्वनि के साथ समृद्धि कौर भाटी, सीमा, हीना निर्मलकर, रेणु यादव, भोमिता साहू, श्रेया गुप्ता, मीनाक्षी ठाकुर, निहारिका पात्रा, संजना, श्रुति यादव और जान्हवी चन्द्राकर शामिल रहीं। टीम की मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे तथा प्रशिक्षक नेहा थीं।

इस अवसर पर महाविद्यालय की क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, चयनकर्ता कैलाश वर्मा, डॉ. अजय लांजीवार, डॉ. यशवंत देशमुख, एम.एम. तिवारी और मौसमी ठाकुर उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। आयोजन में विजय चन्द्राकर और रामदास यादव ने सहयोग दिया। डॉ. दुबे ने बताया कि महाविद्यालय से चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

हेल्थ टिप्स

अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल में रविवि की महिला टीम चैंपियन



रायपुर। शासकीय दूधाधारी बजरंग (दू.ब.) महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में 23 अक्टूबर को अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती संगठन छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष संजय शर्मा थे। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष नीता डुमरे तथा डॉ. प्रकाश वैद्य (पूर्व प्राचार्य, श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय) शामिल हुए। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 10 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया, जिनमें संत गुरु घासीदास शासकीय पीजी महाविद्यालय कुरुद, विप्र महाविद्यालय रायपुर, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, शासकीय महाविद्यालय अभनपुर, शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर, गुरुकुल महिला महाविद्यालय रायपुर, विज्ञान महाविद्यालय रायपुर, डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर, शासकीय महाविद्यालय धरसींवा, शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर तथा महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल महाविद्यालय रायपुर शामिल थे। प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में विप्र महाविद्यालय और शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय के बीच मुकाबला हुआ (स्कोर 2-0), जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय को (2-0) से पराजित किया। फाइनल मुकाबला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि दू.ब. महिला महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया गया है, जो 29 एवं 30 अक्टूबर को शासकीय मीनी माता महाविद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. कर्मिष्ठ शंभरकर ने दी।

ओपन नेशनल तीरंदाजी में श्रेयांश और अविनाश ने जीता कांस्य पदक




रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित आवासीय तीरंदाजी अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अविनाश केवड़े और नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी श्रेयांश वर्मा ने जयपुर (राजस्थान) में आयोजित 46वें आर्चरी रिकर्व जूनियर नेशनल टूर्नामेंट में कांस्य पदक हासिल किया। कड़े मुकाबले के टीम इवेंट में उन्होंने हरियाणा की मजबूत टीम को मात देकर कांस्य पदक अपने नाम किया है।

इस उपलब्धि पर अकादमी की कोच दुर्गेश नंदिनी गोस्वामी और श्रद्धा सोनवानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि तीरंदाजी अकादमी के खिलाड़ी लंबे अंतराल के बाद किसी ओपन नेशनल टूर्नामेंट में पदक जीतने में सफल रहे हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग की डायरेक्टर श्रीमती आकांक्षा शिक्षा खलखो तथा विभाग के तमाम अधिकारियों को दिया। उन्होंने विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा समय पर बेहतर खेल उपकरण (इक्विपमेंट) की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और निरंतर सहयोग प्रदान करने के कारण ही खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने में कामयाब हो पाए हैं।

एशियन पैरा बैडमिंटन में अभिजीत ने जीता कांस्य पदक

रायपुर। जापान में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी अभिजीत सखूजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसएल-4 (एसएल-4) वर्ग में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज़ मेडल) अपने नाम किया है। अभिजीत ने प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत के ही सूर्यकांत यादव को सीधे सेटों में 21-16, 21-12 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि, सेमीफाइनल के कड़े मुकाबले में उन्हें विश्व की दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के ही दिग्गज खिलाड़ी शिव कुमार नवीन से 13-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा और वे कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने अभिजीत सखूजा की इस गौरवमयी सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। यह जानकारी छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के सह-सचिव अनुराग दीक्षित ने दी।



राज्य के विभिन्न शहरों में चल रहे सीएससीएस के रोमांचक मुकाबले

अंडर-19 प्लेट ग्रुप में भिलाई, महासमुंद जशपुर और कांकेर की शानदार जीत

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत राज्य के विभिन्न मैदानों पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी टीमों को जीत दिलाई।



बीएसपी ने धमतरी को 131 रनों के बड़े अंतर से हराया

कांकेर के न्यू ग्राउंड पर भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) और धमतरी के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें बीएसपी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धमतरी को 131 रनों के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बीएसपी की टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 259 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बीएसपी की ओर से देवांश पाटिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 73 रनों की शानदार पारी खेली। उनका साथ देते हुए आयुष प्रसाद ने 64 रन, अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने नाबाद 40 रन और आलोक तिवारी ने 28 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

260 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धमतरी की पूरी टीम बीएसपी के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं सकी और मात्र 128 रन पर ही ढेर हो गई। बीएसपी की तरफ से गेंदबाजी में आयुष प्रसाद ने अपनी फिरकी और गेंदबाजी का जलवा दिखाते हुए 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। इसके अलावा देव मांडले, शिवम दुबे और तुष्य प्रजापति ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए 2-2 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई, जबकि नैतिक राज के खाते में 1 विकेट आया। इस प्रकार शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर बीएसपी ने यह मुकाबला 131 रनों से अपने नाम कर लिया।

महासमुंद ने कोरबा को 4 विकेट से दी मात

भिलाई के सेक्टर-1 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड पर कोरबा और महासमुंद के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें महासमुंद की टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोरबा की टीम महासमुंद के गेंदबाजों के अनुशासनपूर्ण प्रदर्शन के आगे पूरे ओवर टिक नहीं पाई और उनकी पूरी टीम 181 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

कोरबा द्वारा दिए गए 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महासमुंद की शुरुआत संभली हुई रही। टीम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी भरा प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। महासमुंद ने यह मुकाबला 4 विकेट से जीतकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की।

जशपुर ने बस्तर को 5 विकेट से हराया

धमतरी में खेले गए एक अन्य मुकाबले में जशपुर और बस्तर की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें जशपुर ने 5 विकेट से शानदार जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए बस्तर की टीम ने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 223 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। बस्तर के 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जशपुर की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक और संयमित रुख अपनाया। जशपुर के बल्लेबाजों ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाकर लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया। इस प्रकार जशपुर ने यह मुकाबला 5 विकेट से अपने नाम कर लिया।



रोमांचक मुकाबले में कांकेर ने कोरिया को 13 रनों से हराया

राजनांदगांव के ऐतिहासिक दिग्विजय स्टेडियम में कांकेर और कोरिया जिला के बीच एक बेहद रोमांचक और कम स्कोर वाला मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अंततः कांकेर ने 13 रनों से बाजी मार ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कांकेर की टीम कोरिया की धारदार गेंदबाजी के आगे लड़खड़ा गई और पूरी टीम मात्र 123 रन के छोटे स्कोर पर ही सिमट गई। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया जिला की टीम को यह मुकाबला आसानी से जीतना चाहिए था, लेकिन कांकेर के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए मैच का पासा पलट दिया। कोरिया की पूरी टीम दबाव में बिखर गई और महज 110 रन पर ही आलआउट हो गई।



अस्मिता लीग तलवारबाजी में छत्तीसगढ़ की बेटियों का जलवा

भिलाई। गुजरात के गांधीनगर स्थित मातृश्री ज्योतिबा कॉलेज परिसर में 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 'खेलो इंडिया अस्मिता लीग वेस्ट जोन फेंसिंग (तलवारबाजी) चैंपियनशिप 2026' में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया है। इस तीन दिवसीय पश्चिमी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला तलवारबाजों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में शानदार खेल दिखाते हुए कुल चार पदक (एक स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य) अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त एक खिलाड़ी ने प्रतियोगिता में शीर्ष आठ में जगह बनाते हुए आठवीं रैंकिंग प्राप्त की। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर उन्हें कुल 80,000 की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

- गुजरात के गांधीनगर में आयोजित वेस्ट जोन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने हासिल किए ₹80,000 के नकद पुरस्कार

फॉइल स्पर्धा में दीपांशी ने जीता स्वर्ण और दिव्यांशु को मिला कांस्य



प्रतियोगिता के सीनियर महिला फॉइल वर्ग में भिलाई की होनहार खिलाड़ी दीपांशी नेताम ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को परास्त करते हुए स्वर्णिम सफलता प्राप्त की, जिसके लिए उन्हें 25,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। दीपांशी का यह लगातार दूसरा राष्ट्रीय स्तर का स्वर्ण पदक है; इससे पहले उन्होंने 'सीनियर नेशनल रैंकिंग फेंसिंग टूर्नामेंट 2026-27' में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश में प्रथम स्थान हासिल किया था। इसी फॉइल स्पर्धा में भिलाई की ही दिव्यांशु नेताम ने अपने उत्कृष्ट खेल के दम पर कांस्य पदक जीतकर 15,000 की नकद पुरस्कार राशि अपने नाम की।

सेबर व एपी स्पर्धा के परिणामः वेदिका को रजत रीबा को कांस्य और रुपाली को मिली 8वीं रैंकिंग

सीनियर महिला सेबर स्पर्धा में भिलाई की प्रतिभाशाली खिलाड़ी वेदिका कौशिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया, जिस उपलब्धि पर उन्हें 20,000 की नकद राशि प्रदान की गई। सीनियर महिला एपी स्पर्धा में रायपुर की रीबा बेनी ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को एक और सफलता दिलाई और उन्हें 15,000 की पुरस्कार राशि मिली। इसी एपी स्पर्धा में बिलासपुर की रुपाली साहू ने भी सराहनीय खेल दिखाते हुए प्रतियोगिता में 8वाँ स्थान (आठवीं रैंकिंग) हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 5,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

खेल संघों और प्रशिक्षकों ने दी बधाई

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों द्वारा फॉइल, सेबर और एपी—तीनों विधाओं में पदक जीतने पर संपूर्ण खेल जगत में हर्ष की लहर है। इस शानदार उपलब्धि पर टीम के मुख्य कोच वी. जॉनसन सोलोमन, टीम मैनेजर मोना पटेल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



टेटे में दीक्षांत और समाया का दोहरा दबदबा



रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के विशेष सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बूढ़ापारा (रायपुर) में आयोजित 'यूटीटी 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026' में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। 22 से 25 अक्टूबर 2026 तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को यूथ अंडर-19 तथा सब-जूनियर अंडर-15 बालक व बालिका एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। इन स्पर्धाओं में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े और रायपुर की समाया पांडे ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह में राज्य बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि यूथ और सब-जूनियर वर्गों के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-1, रायपुर) के क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की, जबकि विशेष अतिथि संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। मंच पर संघ के उपाध्यक्ष व आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक विमल नायर भी आसीन थे। संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद द्वारा किया गया। अतिथियों ने चारों वर्गों की विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पदक देकर सम्मानित किया।

एकल वर्गों के फाइनल मुकाबलों के परिणाम

प्रतियोगिता के एकल वर्गों के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके अंतर्गत यूथ अंडर-19 बालक एकल में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े ने रायपुर के आर्यन कुमार सिंह को बेहद कड़े मुकाबले में 4-3 के स्कोर से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया और आर्यन कुमार सिंह उपविजेता रहे। वहीं यूथ अंडर-19 बालिका एकल में रायपुर की समाया पांडे ने एकतरफा खेल दिखाते हुए रायपुर की ही वेदी कछवाहा को 4-0 के स्कोर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया, जबकि वेदी कछवाहा उपविजेता बनीं। सब-जूनियर अंडर-15 बालक एकल के फाइनल में एक बार फिर बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े का दबदबा देखने को मिला, जहाँ उन्होंने रायपुर के कवीश काला को 3-0 के स्कोर से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती और कवीश काला उपविजेता रहे। इसके अतिरिक्त सब-जूनियर अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए रायपुर की लावण्या पांडे को 3-0 के सीधे गेमों में हराकर जीत हासिल की और लावण्या पांडे उपविजेता रहीं। सीनियर पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए, जिनमें अरिंदम देबनाथ (रायपुर) ने प्रणय चौहान (रायपुर) को 3-0 से हराया।



स्टेट टेनिस रैंकिंग में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी दिखा रहे दम

रायपुर। स्वर्गीय अजय निहलानी मेमोरियल छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट का शुभारंभ 23 अक्टूबर को यूनियन क्लब एवं इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम रायपुर में किया गया। 25 अक्टूबर तक चलने वाली इस रोमांचक प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने किया। इस टूर्नामेंट में राज्यभर से विभिन्न आयु वर्ग के होनहार खिलाड़ी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

उद्घाटन अवसर पर श्री होरा ने स्वर्गीय अजय निहलानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि टेनिस के खेल के प्रति उनके योगदान और उनकी स्मृति को संजोए रखने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को भविष्य में हर वर्ष आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को निरंतर प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मिल सके। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-18 आयु वर्ग के एकल मुकाबलों के साथ-साथ पुरुष एवं महिला सिंगल्स तथा डबल्स स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए 45+ और 55+ आयु वर्ग में भी डबल्स मुकाबले रखे गए हैं, जिससे युवा और अनुभवी दोनों श्रेणियों के खिलाड़ियों को अपने खेल को निखारने का भरपूर अवसर मिल रहा है।

कार्नर न्यूज

43 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन ,सांसद ने दी बधाई

रोड एवं ट्रैक साइक्लिंग में राज्य स्तर पर दुर्ग संभाग का जलवा, ओवरऑल चैंपियन

भिलाई। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित रोड एवं ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं में दुर्ग संभाग के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए दोनों ही विधाओं में 'ओवरऑल विजेता' की ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई (अर्हता प्राप्त) करने वाले खिलाड़ियों से दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के मुख्य संरक्षक विजय बघेल ने औपचारिक मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी सभी खिलाड़ियों को अपनी बधाई प्रेषित की।

दुर्ग में आयोजित ट्रैक साइक्लिंग में 26 में से 23 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं सुधीर बंसल ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग में किया गया था। इस प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के बालकों व बालिकाओं ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 के सभी वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता पद हासिल किया। दुर्ग संभाग के कुल 26 में से 23 खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट समय चक्र के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पात्रता हासिल की, जिसके बल पर दुर्ग संभाग ट्रैक साइक्लिंग में ओवरऑल विनर बना।



अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रतीक मानोध्या के मार्गदर्शन में मिला प्रशिक्षण

इसी क्रम में रायपुर में आयोजित रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के कुल 24 खिलाड़ियों (अंडर-14, 17 एवं 19 बालक व बालिका वर्ग) ने हिस्सा लिया। रोड साइक्लिंग में भी दुर्ग के साइकलिस्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और संभाग को रोड साइक्लिंग में भी ओवरऑल चैंपियन बनाया। रोड साइक्लिंग के 24 में से 20 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया। संघ के अधिकारियों ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी एनआईएस (NIS) कोच लेवल-3 एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रतीक मानोध्या (जो साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रशिक्षक हैं) की देखरेख में नियमित रूप से कड़ा अभ्यास और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

गोथम की अंधेरी गलियों का खौफनाक सफर, डार्क थ्रिलर 'क्लेफेस' आ रही पंसद



डीसी स्टूडियोज अपने कॉमिक-बुक यूनिवर्स को एक बिल्कुल अनछुए और खौफनाक सफर पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पारंपरिक सुपरहीरो फिल्मों और चमकदार परिधानों से दूरी बनाते हुए, डीसी अब विशुद्ध मनोवैज्ञानिक और शारीरिक डर (बॉडी-हॉरर) के जॉनर में उतर चुका है। बहुप्रतीक्षित फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है, जिसे लेकर सिनेप्रेमियों और कॉमिक पुस्तकों के पाठकों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म की पूरी कहानी गोथम नगर के एक उभरते हुए अभिनेता मैट हेगन के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। स्थानीय माफिया गिरोह द्वारा किए गए एक बेहद क्रूर हमले में मैट हेगन का चेहरा और पूरा शरीर बुरी तरह से विकृत हो जाता है। अपनी खोई हुई खूबसूरती, मान-सम्मान और अभिनय करियर को दोबारा पाने की लालसा में मैट एक खतरनाक और अवैध चिकित्सीय प्रयोग का हिस्सा बन जाता है। इस ट्रीटमेंट के भयानक शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव सामने आते हैं, जिससे उसका शरीर धीरे-धीरे एक डरावने जीवित क्ले मॉन्स्टर में बदलने लगता है। यहीं से शुरू होती है बदले और अस्तित्व की एक सिहरन पैदा करने वाली दास्तान। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पर्दे पर जीवंत करने के लिए हॉरर और थ्रिलर विधा के कुछ सबसे प्रतिष्ठित दिग्गजों ने हाथ मिलाया है। फिल्म का शानदार निर्देशन जेम्स वाटकिंस ने किया है, जिन्होंने अपनी बेहतरीन सिनेमैटिक दृष्टि से गोथम की दुनिया को बेहद खौफनाक और सजीव रूप दिया है। हॉरर विधा के उस्ताद माने जाने वाले प्रसिद्ध लेखक माइक फ्लैनागन ने इसकी पटकथा तैयार की है।

टॉलीवुड

फहद का धमाकेदार कदम, फैंटेसी कॉमेडी 'डोंट ट्रबल द ट्रबल' खूब पसंद कर रहे दर्शक



मलयालम सिनेमा के दिग्गज और बहुमुखी अभिनेता फहद फासिल ने आखिर कार तेलुगु फिल्म जगत में बतौर मुख्य अभिनेता अपनी जोरदार शुरुआत कर दी है। निर्देशक शशांक येलेटी के निर्देशन में बनी और देश के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता एस.एस. राजामौली द्वारा प्रस्तुत यह फैंटेसी-कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों और समीक्षकों के बीच काफी सकारात्मक चर्चाएं देखने को मिल रही हैं। यह फिल्म मूल रूप से निर्धारित समय के अनुसार सिनेमाघरों में उतारी गई। इसे मूल तेलुगु भाषा के अलावा मलयालम और तमिल भाषाओं में भी डब करके बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक दर्शक इसका आनंद उठा सकें। प्रमुख कलाकारः फिल्म में फहद फासिल ने 'सूरि' नाम के एक शातिर और पैसे के लालची एंबुलेंस चालक की भूमिका निभाई है। उनके साथ बाल कलाकार सारा पालेकर ने 'दिव्या' का किरदार निभाया है, जिसके पास अनोखी जादुई शक्तियां हैं। इनके अलावा सौरभ सचदेवा और महेश मांजरेकर जैसे मंझे हुए कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आते हैं। कहानी एंबुलेंस चालक सूरि के इर्द-गिर्द घूमती है, जो आर्थिक तंगी और स्थानीय डॉन के साथ उपजे विवाद के कारण एक बड़ी मुसीबत में फंस जाता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात जादुई शक्तियों वाली एक छोटी बच्ची से होती है, जिसके बाद पूरी कहानी में कई दिलचस्प और जादुई मोड़ आते हैं। फिल्म को लेकर क्रिटिक्स और दर्शकों की तरफ से मिली-जुली लेकिन उत्साहजनक प्रतिक्रिया सामने आई है। समीक्षकों ने फहद फासिल के स्वाभाविक अभिनय, उनकी कॉमिक टाइमिंग और ग्रे-शेड वाले किरदार की जमकर सराहना की है। बाल कलाकार के साथ उनकी केमिस्ट्री और फिल्म का पहला भाग दर्शकों को काफी मनोरंजक और गुदगुदाने वाला लगा है। इसके अलावा, फिल्म का तकनीकी पक्ष, छायांकन और पृष्ठभूमि संगीत भी प्रशंसा बटोर रहा है।

उपलब्धि

भिलाई के तथागत जर्मनी में सीखेंगे फिल्म निर्माण की बारीकियां



छत्तीसगढ़ के लिए एक गौरवशाली क्षण सामने आया है। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई), पुणे के मेधावी छात्र और इस्पात नगरी भिलाई के निवासी तथागत यादव को फिल्म निर्माण के उच्च स्तरीय गुर सीखने के लिए जर्मनी भेजा गया है। फिल्म एकेडमी जर्मनी के औपचारिक आमंत्रण पर वे बॉडेन लुडविंग्सबर्ग, जर्मनी के लिए रवाना हो चुके हैं। तथागत आगामी 02 नवंबर तक जर्मनी में रहकर जर्मन फिल्मों की निर्माण प्रक्रिया को नजदीक से समझेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझेदारी कर विभिन्न परियोजनाओं पर काम करेंगे। तथागत भिलाई के लोक नगर, उमरपोटी के रहने वाले हैं। उनके पिता पुन्नू यादव प्रतिष्ठित संस्कृति-संस्था 'लोकमंजरी' के संयोजक हैं और उनकी माता रामेश्वरी एक प्रसिद्ध लोक नृत्यांगना हैं। कला और संस्कृति से जुड़े परिवार में जन्म लेने के कारण उन्हें शुरुआती दौर से ही कलात्मक माहौल मिला है। पहले के प्रोजेक्ट्सः इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से पहले, तथागत अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए 'अननेम्ड' और 'मंजू की शर्ट' जैसी सराहनीय लघु फिल्में बना चुके हैं। तथागत यादव द्वारा बनाई गई लघु फिल्मों 'अननेम्ड' और 'मंजू की शर्ट' उनकी युवा सोच, रचनात्मकता और सिनेमाई दृष्टि को दर्शाती हैं।

बरबेरी का कलेक्शन



लाइफ स्टाइल

प्रसिद्ध ब्रांड बरबेरी का शानदार कलेक्शन एक बार फिर लंदन लौट आया है। ओल्ड बिलिंग्सगेट फिश मार्केट के भीतर टावर ब्रिज का एक भव्य और आकर्षक मॉडल तैयार किया गया था, जहां ग्रामीण नजारों की जगह काली डामर वाली सड़कें और लैंप की रोशनी से जगमगाते रास्ते नजर आए। इस अनोखे आयोजन के मुख्य रचनात्मक अधिकारी डैनियल ली ने एक बयान में साझा किया कि इस सत्र की मुख्य थीम रूपरी तरह से लंदन के अंदाज में बाहर निकलनाश तय की गई थी। ओल्ड बिलिंग्सगेट फिश मार्केट में आयोजित इस भव्य मंच पर टावर ब्रिज का रनवे मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखने के लिए फैशन जगत के दिग्गज एकत्र हुए थे।

बालों को रोज स्ट्रेटनर करना पड़ सकता है भारी, बरतें सावधानी



स्ट्रेटनर का इस्तेमाल कभी-कभार करना आमतौर पर रोजाना इस्तेमाल करने से बेहतर है। खूबसूरती के साथ बालों की सेहत बनाए रखने के लिए कम तापमान, सीमित इस्तेमाल और सही हेयर केयर को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। खूबसूरत, चमकदार और सीधे बाल हर किसी को पसंद आते हैं। यही वजह है कि महिलाएं बालों को मनचाहा लुक देने के लिए हेयर स्ट्रेटनर का इस्तेमाल करती हैं। ऑफिस जाना हो, पार्टी में शामिल होना हो या किसी खास मौके पर तैयार होना हो, स्ट्रेटनर मिनटों में बालों को सीधा और सलीकेदार बना देता है। लेकिन क्या आप भी रोजाना बालों को स्ट्रेट करती हैं? अगर हां, तो आपको इसकी आदत से जुड़े कुछ जरूरी पहलुओं को समझ लेना चाहिए।

दरअसल, स्ट्रेटनर में इस्तेमाल होने वाली तेज गर्मी बालों की बाहरी सुरक्षात्मक परत को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे बाल रूखे, बेजान और कमजोर हो सकते हैं। नियमित रूप से ज्यादा तापमान पर स्ट्रेटनर चलाने से बालों के टूटने और दोमुंहे होने की समस्या भी बढ़ सकती है। हालांकि, नुकसान की गंभीरता बालों की मौजूदा स्थिति, तापमान, स्ट्रेटनिंग की आवृत्ति और इस्तेमाल करने के तरीके पर निर्भर करती है। ऐसे में सवाल उठता है कि स्ट्रेटनर का इस्तेमाल कितनी बार करना चाहिए, क्या रोज इसे करना नुकसानदायक है और बालों को सुरक्षित रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है? आइए जानते हैं। रोज बालों को स्ट्रेट करने के क्या नुकसान हैं?

बाल हो सकते हैं रूखे और बेजान

स्ट्रेटनर की गर्मी बालों में मौजूद नमी को प्रभावत कर सकता ह। बार-बार इस्तमाल करने से बालों की चमक कम हो सकती है और वे खुरदरे महसूस होने लगते हैं।

बढ़ सकता है बालों का टूटना

अत्यधिक गर्मी बालों की संरचना को कमजोर कर सकती है। इससे कंघी करते समय या बालों को संवारते समय उनके टूटने की आशंका बढ़ जाती है।

दोमुंहे बालों की समस्या

बालों के सिरों पर बार-बार गर्मी पड़ने से वे कमजोर होकर दोमुंहे हो सकते हैं। ऐसे में बालों की लंबाई बढ़ने के बावजूद उनके सिरे खराब दिखाई दे सकते हैं।

बालों की प्राकृतिक चमक हो सकती है कम

गर्मी से क्षतिग्रस्त बालों की सतह असमान हो सकती है। परिणामस्वरूप बाल पहले की तरह मुलायम और चमकदार नहीं दिखते।


स्कैल्प और त्वचा को नुकसान

स्ट्रेटनर को सिर की त्वचा के बहुत करीब ले जाने या गर्म प्लेट को छूने से जलने का खतरा रहता है। इसलिए इसका इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए।

करवा चौथ पर जानिए साड़ी के साथ ज्वेलरी मैचिंग का आसान फॉर्मूला



ज्वेलरी चुनने का सबसे आसान तरीका है साड़ी के फैब्रिक, रंग, बॉर्डर और ब्लाउज की नेकलाइन को ध्यान में रखना। सिल्क की रॉयल चमक के साथ पारंपरिक गोल्ड या पोलकी खूबसूरत लग सकती है, जबकि हल्की जॉर्जेट या शिफॉन साड़ी के साथ नाजुक ज्वेलरी ज्यादा संतुलित नजर आती है। करवा चौथ सिर्फ व्रत और पूजा का त्योहार नहीं, बल्कि सजने-संवरने का भी खास मौका है। इस दिन महिलाएं साड़ी, चूड़ियों, मेहंदी और ज्वेलरी के साथ पारंपरिक लुक को खास बनाने की कोशिश करती हैं। लेकिन खूबसूरत साड़ी के साथ सही ज्वेलरी चुनना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। खासकर तब, जब बाजार में पोलकी, कुंदन, झुमके, चोकर, मोती और स्टेटमेंट ज्वेलरी के इतने विकल्प मौजूद हों।





इस साल फेस्टिव ज्वेलरी का रुझान सिर्फ भारी-भरकम गहनों तक सीमित नहीं है। स्टेटमेंट ईयररिंग्स, स्कल्प्चरल डिजाइन, स्टेटमेंट रिंग्स और हल्की लेकिन प्रभावशाली ज्वेलरी को भी पसंद किया जा रहा है। पोलकी और कुंदन जैसे पारंपरिक विकल्प भी नए, हल्के और आधुनिक अंदाज में नजर आ रहे हैं।

ऐसे में ज्वेलरी चुनने का सबसे आसान तरीका है साड़ी के फैब्रिक, रंग, बॉर्डर और ब्लाउज की नेकलाइन को ध्यान में रखना। सिल्क की रॉयल चमक के साथ पारंपरिक गोल्ड या पोलकी खूबसूरत लग सकती है, जबकि हल्की जॉर्जेट या शिफॉन साड़ी के साथ नाजुक ज्वेलरी ज्यादा संतुलित नजर आती है। इस साल करवा चौथ 29 अक्टूबर, गुरुवार को है। इस मौके पर फेस्टिव लुक के लिए स्टेटमेंट ईयररिंग्स, पोलकी चोकर, कुंदन, जड़ाऊ फिनिश, मोती और स्टेटमेंट रिंग्स अपना सकती हैं। खास बात यह है कि अब पूरा ज्वेलरी सेट पहनने के बजाय एक आकर्षक पीस को लुक का केंद्र बनाया जा रहा है।

लंबे-घने बालों पर ठहर जाएंगी सबकी नजरें, घी में इसे मिलाकर



लंबे-घने बाल ज्यादातर महिलाओं को पसंद होते हैं। लेकिन, आजकल कहीं न कहीं लंबे-घने और हेल्दी बाल पाना भी किसी चैलेंज से कम नहीं रह गया है। आज के समय पर कई कारणों के चलते, बालों की मनचाही ग्रोथ पाना मुश्किल हो गया है। बालों का झड़ना, समय से पहले सफेद होना, पतला और कमजोर होना, ये कुछ ऐसी दिक्कतें हैं, जिनसे लगभग सभी महिलाएं परेशान हैं। कई बार महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का असर भी बालों पर कुछ वक्त के लिए ही रहता है। केमिकल वाले प्रोडक्ट्स बालों को खराब भी कर सकते हैं। ऐसे में बालों और स्किन को हेल्दी बनाने में घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं। अगर आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है, झड़ते-झड़ते बालों की ग्रोथ आधी हो गई है, तो आपको इस नुस्खे को आजमाना चाहिए। इस बारे में हेल्थ और ब्यूटी एक्सपर्ट दिलराजप्रीत कौर जानकारी दे रही हैं।

बालों में लगाएं घी और बादाम

दो बादाम को पीस लें। इसमें 3 टेबलस्पून घी को मिला लें। घी में बादाम को हल्का भूरा होने तक भूनें। इससे बालों की जड़ों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को धो लें। इसे हफ्ते में 2 बार लगाएं। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए इस नुस्खे की मदद लें। साथ ही, हेल्दी डाइट पर भी ध्यान दें। अगर आपको बालों को लंबा, घना और मुलायम बनाने का यह उपाय पसंद आया हो, तो इस आर्टिकल को शेयर करना न भूलें। साथ ही, इस आर्टिकल पर अपनी राय हमें उपर दिए गए कमेंट सेक्शन में जरूर बताएं।

घर पर फलों की मदद से बनाएं फेस पैक



धूप, धूल और प्रदूषण के कारण त्वचा से जुड़ी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे में स्किन की खास देखभाल करना बेहद जरूरी है। त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने के लिए घर में मौजूद मौसमी फलों का इस्तेमाल किया जा सकता है। त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने के लिए घर में मौजूद मौसमी फलों का इस्तेमाल किया जा सकता है। ये फल त्वचा की देखभाल में मददगार साबित हो सकते हैं। इन्हें अपनी स्किन केयर रूटीन में शामिल कर आप प्राकृतिक तरीके से त्वचा की चमक बरकरार रख सकते हैं।

पपीता फेस पैक

पपीता त्वचा की देखभाल के लिए एक अच्छा विकल्प माना जाता है। इसमें मौजूद एंजाइम्स मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद कर सकते हैं। पपीते को मैश करके चेहरे पर लगाने से त्वचा मुलायम और निखरी हुई नजर आ सकती है।

स्ट्रॉबेरी फेस पैक

स्ट्रॉबेरी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं, जो कील-मुहांसों को कम करने में मदद करते हैं। इसे मैश करके शहद के साथ मिलाएं और फेस पैक की तरह लगाएं।

तरबूज फेस पैक

तरबूज त्वचा की देखभाल के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें पानी की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर को अंदर से हाइड्रेट रखने में मदद करता है। इसके गूदे को चेहरे पर लगाने से त्वचा को ठंडक मिल सकती है, साथ ही इसके गूदे को सीधे चेहरे पर लगाएं या टोनर की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

ब्लूबेरी फेस पैक

ब्लूबेरी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

तेजी से लोकप्रिय हो रहा नेचुरल और मिनिमल मेकअप का ट्रेंड

चुनिंदा प्रोडक्ट से पा सकती हैं नो मेकअप लुक आसान तरीके से मिलेगा नेचुरल और फ्रेश लुक

आजकल नेचुरल और मिनिमल मेकअप का ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बहुत-सी महिलाएं ऐसा लुक पसंद करती हैं, जिसमें चेहरा फ्रेश दिखे, त्वचा की प्राकृतिक बनावट नजर आए और मेकअप की मोटी परत लगाने की जरूरत न पड़े। इसी स्टाइल को नो मेकअप मेकअप लुक कहा जाता है। इस लुक की खासियत है कि इसमें चेहरे की प्राकृतिक खूबसूरती को छिपाने के बजाय उसे हल्के मेकअप से निखारा जाता है।

ऑफिस जाना हो, कॉलेज की क्लास हो, दोस्तों के साथ कैफे में मिलना हो या रोजाना की भागदौड़, यह लुक हर मौके पर आसानी से अपनाया जा सकता है। इसके लिए आपको महंगे मेकअप किट या दर्जनों प्रोडक्ट्स की जरूरत नहीं है। केवल पांच जरूरी मेकअप प्रोडक्ट्स की मदद से आप एक साफ-सुथरा, सॉफ्ट और फ्रेश लुक तैयार कर सकती हैं।

सही शेड चुनना, कम मात्रा में प्रोडक्ट लगाना और मेकअप को अच्छी तरह ब्लेंड करना इस लुक की सबसे बड़ी खूबी है। आइए जानते हैं कि नो मेकअप लुक पाने के लिए कौन से पांच प्रोडक्ट्स जरूरी हैं और उन्हें इस्तेमाल करने का सही तरीका क्या है।



स्किन टिंट या बी बी क्रीम से तैयार करें बेस

नो मेकअप लुक के लिए हैवी फाउंडेशन की जगह हल्का स्किन टिंट या बी बी क्रीम चुनें। यह त्वचा को एकसमान दिखाने में मदद कर सकता है, जबकि प्राकृतिक स्किन टेक्सचर भी नजर आता है। अपनी त्वचा के रंग और अंडरटोन से मेल खाने वाला शेड चुनें। इसे चेहरे के बीच से बाहर की ओर हल्के हाथों से ब्लेंड करें।

कंसीलर से छिपाएं छोटे दाग-धब्बे

डार्क सर्कल्स या किसी छोटे दाग को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसे पूरे चेहरे पर लगाने के बजाय केवल जरूरत वाली जगह पर लगाएं। उंगलियों या मेकअप स्पंज से हल्के हाथों से ब्लेंड करें, ताकि बेस प्राकृतिक दिखे।

क्रीम ब्लश से पाएं गुलाबी निखार

गालों पर हल्का रंग चेहरे को फ्रेश लुक देता है। इसके लिए पीच, सॉफ्ट पिंक या रोज शेड का क्रीम ब्लश चुन सकती हैं। गालों पर थोड़ी मात्रा लगाकर उंगलियों से ब्लेंड करें। ज्यादा प्रोडक्ट लगाने से बचें, ताकि रंग प्राकृतिक नजर आए।

ब्रो जेल या मस्कारा से निखारें आंखें

भौंहों को हल्का सेट करने के लिए क्लियर या टिंटेड ब्रो जेल इस्तेमाल करें। यदि आंखों को और उभारना चाहती हैं, तो हल्का मस्कारा लगा सकती हैं। इन दोनों में से अपनी जरूरत के अनुसार कोई एक चुनें, ताकि पांच प्रोडक्ट्स की सीमा बनी रहे।

